## पंचम स्कंदमाता



पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वाली स्कंदमाता। नवरात्रि में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। देवी स्कंदमाता की पूजा से बुध ग्रह का दोष कम होता है।

**बीज मंत्र...**

**माँ स्कंदमाता: ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नम:**

# मूल्यांकन की रफ्तार तेज, 30 प्रतिशत से अधिक कॉपियां चेक

- पांच केंद्रों पर सख्ती के बीच हो रहा मूल्यांकन, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व पुलिस बल तैनात

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिले के पांच मूल्यांकन केंद्रों पर अब तक कुल 4,99,252 उत्तर पुस्तिकाओं में से 1,53,052 कॉपियों का मूल्यांकन पूरा कर लिया गया है, जो कुल का 30.66 प्रतिशत है।

मूल्यांकन प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। यहां स्टेटिक मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक और पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो सके। महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में 35.35 प्रतिशत, जीजी हिंदू इंटर कॉलेज में 25.38 प्रतिशत, पारकर इंटर कॉलेज में 30.59 प्रतिशत, मुस्लिम इंटर कॉलेज में 26.45 प्रतिशत और एचएसवी इंटर कॉलेज में सबसे अधिक 36.70 प्रतिशत उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है।

जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि अभी 3,46,200 कॉपियां मूल्यांकन के लिए शेष हैं, जिनका एक अप्रैल तक मूल्यांकन करने के संबंध में शिक्षकों को निर्देशित किया गया है।

### नवरात्र में सुविधा के चलते बाहर के विकल्प लोकप्रिय, शुद्धता के लिए घर का भोजन अब भी पहली पसंद

# बदला ट्रेंड: बाजार का फलाहार सहारा, घर का स्वाद भी कायम

- चटोरी गली समेत बुध बाजार में व्रतियों के लिए तरह-तरह के व्यंजन बना रहे दुकानदार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नवरात्र के दौरान व्रत रखने वालों के बीच एक दिलचस्प ट्रेंड देखने को मिल रहा है। जहां एक ओर घर में बना पारंपरिक फलाहार लोगों को शुद्धता और विश्वास देता है, वहीं दूसरी ओर बाजार में मिलने वाले तैयार फलाहार की सुविधा भी लोगों को आकर्षित कर रही है। शहर में इन दिनों घर का स्वाद बनाम बाजार का फलाहार की तस्वीर साफ नजर आ रही है।



बुधबाजार में एक दुकान में व्रतियों के लिए कुट्टू की पकौड़ी और आलू टिक्की तैयार।

व्यस्त जीवनशैली के चलते बड़ी संख्या में लोग अब व्रत के दौरान बाजार में मिलने वाले फलाहार की ओर रुख कर रहे हैं। खासकर नौकरीपेशा वर्ग और विद्यार्थी, दिनभर बाहर रहते हैं, उनके लिए कुट्टू की पकौड़ी, पूड़ी, सेंधा नमक से बना खीरे का रायता, साबूदाना की खिचड़ी, मखाने की खीर और व्रत थाली जैसे विकल्प आसान और समय बचाने वाले साबित हो रहे हैं। कोठीवाल नगर निवासी पूजा ने बताया कि ऑफिस के चलते रोज घर पर व्रत का खाना बनाना संभव नहीं हो पाता, इसलिए बाहर का फलाहार काफी सुविधाजनक रहता है।

वहीं, प्रकाश नगर निवासी राजेश गुप्ता का मानना है घर का बना फलाहार ही सबसे अच्छा होता है। इसमें साफ-सफाई और शुद्धता का भरोसा रहता है, जो बाहर के खाने में नहीं मिल पाता।

### ग्राहक साफ-सफाई और क्वालिटी को लेकर ज्यादा सतर्क

बुधबाजार में फलाहार बेचने वाले दुकानदार संजय बताते हैं कि नवरात्र में हर साल मांग बढ़ती है, लेकिन इस बार ग्राहक साफ-सफाई और क्वालिटी को लेकर ज्यादा सतर्क हैं। अच्छे स्टॉल पर ही लोग रुक रहे हैं। आशियाना फेज दो में एक रेस्टोरेंट के संचालक अनिकेत अरोड़ा ने बताया कि शाम के समय सबसे ज्यादा भीड़ आ रही है। कई लोग पैक कराकर घर ले जाते हैं, इसलिए हमें पहले से ज्यादा तैयारी करनी पड़ रही है। ऑनलाइन डिलीवरी के लिए भी ऑर्डर आ रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मेरी झोली छोटी पड़ गई रे...

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लाजपत नगर में भक्त परिवार महिला संकीर्तन मंडल की ओर से चैत्र नवरात्र के चौथे दिन रविवार को मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना एवं भव्य संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंडल की अध्यक्ष नीलम बंसल, उपाध्यक्ष सरिता गुप्ता व सचिव अनीता श्रीवास्तव ने माता रानी के स्वरूप का आकर्षक श्रृंगार किया। लाल चुनरी, फूलों और रंग-बिरंगी सजावट से सजे दरबार में श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। महिला श्रद्धालुओं ने मेरी झोली भर दो मां, मेरी झोली छोटी पड़ गई रे इतना दिया मेरी माता, अंबे तू है जगदंबे काली, भोर भई दिन चढ़ गया मेरी मैया, मैं बालक तू माता शेरावाली है जैसे भजनों पर भाव-विभोर होकर संकीर्तन किया। इस दौरान माता रानी को विभिन्न प्रकार के भोग अर्पित किए गए, जिसमें फल, मिष्ठान और पंचामृत शामिल रहा। मोनिका बंसल, नीरु बजाज, ममता, साधना अग्रवाल, ऋतु टंडन, सुमन, नीरा गुप्ता, अंजू अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

### हल्की ठंड और सुहानी धूप का रहा असर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रविवार को शहर का मौसम पूरी तरह साफ और सुहावना रहा। अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह तड़के लोगों को हल्की ठंड का एहसास हुआ, जिससे दिन की शुरुआत ठंडक भरी रही। खासतौर पर सुबह के समय घरों से बाहर निकलने वाले लोगों ने हल्की सर्दी महसूस की।सुबह करीब सात बजे के बाद सूरज निकलना शुरू हुआ।

# नवसंवत्सर तिथि परिवर्तन ही नहीं, सांस्कृतिक चेतना का जागरण

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने नवसंवत्सर 2083 के अवसर पर किया पथ संचलन, महानगर में 12 से अधिक स्थानों पर हुआ पथ संचलन

- जगह-जगह स्वयंसेवकों का पुष्प वर्षा से स्वागत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नवसंवत्सर के अवसर पर रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से पथ संचलन निकाला गया। महानगर में अलग-अलग स्थानों पर स्वयंसेवक गणवेश में पथ संचलन में शामिल हुए। स्वयंसेवकों पर विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा की गई। महानगर में अलग-अलग स्थानों पर दर्जन भर बस्तियों में पद संचलन व एकत्रीकरण कार्यक्रम हुए।

पथ संचलन के बाद एकत्रीकरण के अवसर पर विभाग प्रचारक ब्रजमोहन ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से भारतीय नव वर्ष का आरंभ होता है। यह दिन अनेक दृष्टियों से अत्यंत पावन और ऐतिहासिक है। मान्यता है कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की। श्रीराम का राज्याभिषेक इसी दिन किया गया, इस तिथि को आर्य समाज की स्थापना हुई वहीं विक्रम संवत का प्रारंभ भी इसी दिन से माना जाता है, साथ ही राष्ट्र स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव राम बलिराम हेडगेवार का जन्म भी इसी दिवस पर हुआ था।



दीनदयाल नगर में पथ संचालन में शामिल स्वयंसेवक। ● अमृत विचार



रामगंगा विहार से निकले पथ संचालक में शामिल नन्हे स्वयंसेवक। ● अमृत विचार



रामगंगा विहार से निकले पथ संचालक में शामिल नन्हे स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

महानगर प्रचार प्रमुख संजीव चौधरी ने कहा कि भारतीय काल गणना केवल समय बताने का माध्यम नहीं है बल्कि यह हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य से स्थापित कर संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ साल में छह उत्सव संगठन के तौर पर मनाता है। संघ में मनाई जा रहे छह पर्व की वजह उनका सीधे राष्ट्रभाव से जोड़ना है यह अवसर केवल एक तिथि परिवर्तन का नहीं बल्कि सांस्कृतिक परंपराओं के पुनः स्मरण का भी है।

ओम प्रकाश शास्त्री ने कहा की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष के इस वर्ष में प्रत्येक कार्यक्रम में अपने पांच परिवर्तनों को लेकर के समाज के बीच जा रहा है। पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्व का बोध, नागरिक कर्तव्य और पर्यावरण हैं। अलग अलग स्थानों पर पद संचलन में प्रमुख रूप से विभाग संघ चालक सुरेन्द्र, महानगर संघ चालक डॉ. विनीत, विपिन, पवन जैन, प्रमोद जोशी, शरद जैन, निपेंद्र, राजेश, राजीव, आशुतोष, शानू, जितेंद्र, संजय, दिनेंद्र, भगवान दास, वरद, आदि सारस्वत, हरिमोहन गुप्ता आदि स्वयंसेवक रहे।

### पाकबड़ा में आरएसएस ने किया गया पथ संचलन

पाकबड़ा, अमृत विचार : कस्बे में हर वर्ष की तरह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन में संघ के बच्चे, जवान एवं बुजुर्गों ने हिस्सा लिया। हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में नगर पंचायत पाकबड़ा में वर्ष प्रतिपदा एवं पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर से पथ संचलन शुरू होकर पोस्ट ऑफिस, छत्रीवाला कुआं, छीपीवाला मोहल्ला, बड़ा मंदिर, होली वाला कुआं होते हुए वापस सरस्वती शिशु मंदिर में ही पथ संचलन का समापन किया गया। उसके बाद शिशु मंदिर में संघ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉक्टर केशव राव बलिराम हेडगेवार के के जन्मदिन के अवसर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान ओम प्रकाश शास्त्री, सोमपाल, विजयपाल, प्रमोद, रामबाबू भटनागर, कामेश्वर, सचिन, योगेंद्र, पवन, भीम सिंह, भूकन, जितेंद्र आदि स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

### इन स्थानों पर हुए पथ संचलन

प्रमुख रूप से मिलन विहार में महानगर प्रचार प्रमुख संजीव चौधरी, विजय निकेतन संघ कार्यालय में भगवानदास, राय बैंक्वेट हॉल साईंपुरम में विभाग व्यवस्था प्रमुख संदीप, सामुदायिक केंद्र प्रीत विहार में महानगर सहकार्यवाह प्रमोद, अर्द्धनारीश्वरी मंदिर हिमगिरी में सुरेश ध्यानी, सरस्वती शिशु मंदिर पाकबड़ा में ओम प्रकाश शास्त्री, शहनाई मंडप चंद्र नगर में विभाग प्रचारक ब्रजमोहन, डिप्टी जगन्नाथ सिंह विद्यालय में रणवीर जी बौद्धिक वक्ता रहे।

### बुद्धि विहार में भी जुटे स्वयंसेवक

बुद्धि विहार में पथ संचलन का आरंभ हनुमान वाटिका से हुआ और बुद्धि विहार के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस हनुमान वाटिका पर समाप्त हुआ। कार्यक्रम में कमलकांत राय विभाग सेवा प्रमुख जी उद्बोधन दिया। नवसंवत्सर 2083 की शुभकामनाएं दीं। भाग संचालक पीतांबर सिंह ने आभार व्यक्त किया। संघचालक सुरेंद्र की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में लगभग 500 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

# निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई



अंबेडकर पार्क में शपथ लेते अंबेडकर मेमोरियल कमेटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- डॉ. आंबेडकर मेमोरियल कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित डॉ. आंबेडकर पार्क में रविवार को डॉ. आंबेडकर मेमोरियल कमेटी उत्तर प्रदेश (रजिस्टर्ड) का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण वबुद्ध वंदना के साथ हुआ।

रविवार को आंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष रूप सिंह भारती ने की। कमेटी के संरक्षक वीर सिंह ने बताया कि 15 मार्च को हुए द्विवार्षिक चुनाव में प्रांतीय, जनपदीय एवं महानगर शाखाओं के पदाधिकारी चुने गए थे। मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट आदित्य कुमार श्रीवास्तव एवं चुनाव अधिकारी अजय वंश ने शपथ दिलाई। प्रांतीय कार्यकारिणी में रूप सिंह भारती को तीसरी बार अध्यक्ष तथा बंश बहादुर को दूसरी बार महामंत्री निर्विरोध चुना गया। इसके अलावा बृजनंदन (कोषाध्यक्ष), मदनलाल सागर, राजकुमार गौतम, मनमोहन सिंह (उपाध्यक्ष) सहित कई पदों पर नियुक्तियां की गईं। जनपद इकाई में विशाल जाटव जिला अध्यक्ष, श्याम कुमार जाटव को जिला महामंत्री तथा डॉ. अजय कुमार गौतम को कोषाध्यक्ष बनाया गया। महानगर शाखा में राजकमल सागर को अध्यक्ष और सरिता देवी महामंत्री बनी। अमरोहा से कई प्रतिनिधि शामिल हुए। संचालन प्रांतीय महामंत्री बंश बहादुर ने किया।

# खाद्य विभाग की छापेमारी पनीर व घी का नमूना लिया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नवरात्रि में मिलावटी व अधोमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री व प्रयोग को रोकने के लिए रविवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमों ने कई क्षेत्रों में दुकानों और शापिंग मार्ट में जांच कर नमूने लिए। वहीं खुले में कुट्टू के आटे व प्रतिबंधित ब्रांड के कुट्टू की भी दुकानों पर चेकिंग की जा रही है।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में विभाग की टीमों ने रविवार को विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर खाद्य पदार्थों की जांच कर संदिग्ध खाद्य पदार्थों का नमूना संकलित किया। टीमों ने अमरोहा गेट स्थित सैनी पनीर भंडार से पनीर व घी का नमूना लिया। वहीं टीम कुट्टू के आटे की भी जांच दुकानों पर कर रही है।




दुकान में जांच करती टीम।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा ने बताया कि अभियान के दौरान कटरा नाज में 12 दुकानों के निरीक्षण में किसी दुकान पर कुट्टू का आटा नहीं मिला। अभी जांच चल रही है। अधिकारियों ने कहा कि मिलावटी व अधोमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री कर जन स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# नवरात्र: मां कूष्मांडा के जयकारे गूंजे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा के कूष्मांडा स्वरूप की पूजा-अर्चना श्रद्धा और उल्लास के साथ की गई। रविवार सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, वहीं घर-घर में भक्तों ने व्रत रखकर विधि-विधान से मां की आराधना की। मां कूष्मांडा को सृष्टि की रचयिता माना जाता है, इसलिए इस दिन का विशेष धार्मिक महत्व है।

प्राचीन काली माता मंदिर, गंगा मंदिर, दुर्गा मंदिर, मनोकामना मंदिर समेत शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालु नारियल, फल-फूल और प्रसाद लेकर पहुंचे । मंदिरों में श्रद्धालु ढोलक-झांझ की धुन पर भजनों में लीन नजर आए । घरों में महिलाओं ने कलश स्थापना के साथ चौथे दिन मां को मालपुआ, हलवा और फल का भोग लगाया।



आरती में शामिल हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी व अन्य।

### काली मंदिर में आरती, कल्याण की प्रार्थना

अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वावधान में रविवार को मां आदिशक्ति की आरती लालबाग स्थित काली माता मंदिर में की गई। कार्यकर्ताओं ने मां की आराधना कर सुख-समृद्धि और लोक कल्याण की कामना की। शुरुआत विधि-विधान से पूजन-अर्चन व हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुई, इसके बाद सामूहिक आरती की गई। जयकारों व भजन कीर्तन की गूंज मंदिर परिसर में रही। भक्तों ने दीप प्रज्वलित कर मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया। राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम समाज में एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सुरेश गुप्ता महानगर अध्यक्ष, अमित अग्रवाल महानगर महामंत्री, अभिषेक श्रीवास्तव, इशांक, जतिन, रोहित भागनगर, दीपक, शिवम, कैलाश, अभिषेक सैनी, मनोज, विजय शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सड़कों पर उतरे कृष्ण-बलराम, शहर बना वृंदावन



रथ यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार



इस्कॉन द्वारा निकाली जा रही रथ यात्रा में नृत्य करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय श्री कृष्णा भावनामृत संघ (इस्कॉन), मुरादाबाद की ओर से रविवार को भगवान कृष्ण-बलराम की भव्य रथयात्रा निकाली गई। रथ पर विराजमान भगवान के दर्शन के लिए शहरवासियों में भारी उत्साह देखने को मिला। यात्रा जैसे ही विभिन्न मार्गों से गुजरी, श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और हरे कृष्ण हरे राम के संकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। रंग-बिरंगी झांकियों, रॉक बैंड और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ निकली इस शोभायात्रा ने शहर को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। बड़ी संख्या में स्थानीय एवं बाहरी भक्तों की भागीदारी ने आयोजन को और भव्य बना दिया।

**इन राहों से गुजरी यात्रा:** शोभायात्रा का शुभारंभ दोपहर दो बजे गवर्नमेंट इंटर कॉलेज से हुआ। इसके बाद यह यात्रा मंडी चौक, अमरोहा गेट, टाउन हाल, गुरहट्टी, जैन मंदिर सिविल लाइन, देव विहार, पीएसी, काठ रोड और किला होते हुए स्टेडियम रोड से आरएसडी डिग्री कॉलेज पर पहुंचकर संपन्न हुई।

**आकर्षण का केंद्र रहीं झांकियां और रॉक बैंड :** यात्रा में चार रॉक बैंड और आठ भव्य झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। ऊंट-घोड़े और सजी-धजी झांकियों के साथ भगवान कृष्ण-बलराम की लीलाओं का मनोहारी प्रदर्शन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**देश-विदेश से पहुंचे भक्त :** दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, पिलखुआ, बरेली, रामपुर, संभल, बिजनौर सहित कई शहरों से श्रद्धालु शामिल हुए। विदेशी भक्तों की टोली ने भी संकीर्तन में हिस्सा लेकर आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया।

**प्रसाद वितरण की व्यवस्था:** यात्रा की शुरुआत और समापन स्थल पर सभी भक्तों के लिए कृष्ण प्रसाद की व्यवस्था की गई। केंद्र प्रबंधक उज्ज्वल सुंदर दास, यूथ प्रभारी अरुण उदय दास सहित कृष्ण दास, मोहन श्याम प्रभु, सचिनंदन दास, महामुनि दास, राधिका माधव दास, साक्षी गौरंग दास, मीडिया प्रभारी राधा कांत गिरधारी दास आदि रहे।

### रोटेरियनों ने किया जगन्नाथ रथयात्रा का स्वागत

अंतरराष्ट्रीय श्री कृष्ण भावनामृत संघ की ओर से आयोजित भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का रोटरी क्लब मुरादाबाद एक्सिस ने जैन मंदिर चौक, सिविल लाइंस पर स्वागत किया। इस दौरान क्लब पदाधिकारियों व सदस्यों ने शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को चिप्स, शिकंजी, जीरा पेय, तैहरी व चॉकलेट वितरित कर सेवा भाव प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष रश्मि गोयल सहित संजय सिंघल, सुमित गुप्ता, विवेक गोयल और नेहा सिंघल समेत अन्य रोटेरियन उपस्थित रहे और आयोजन की सराहना की।



पत्रिका का विमोचन करते भगवान परशुराम सेवा समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# महाव्रत पारायण व पत्रिका का विमोचन

- श्रद्धा के साथ रेलवे मनोरंजन सदन में कार्यक्रम आयोजित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भगवान परशुराम सेवा समिति, मां रेणुका वाहिनी एवं भगवान श्री परशुराम सेना के संयुक्त तत्वावधान में कंपनी बाग स्थित रेलवे मनोरंजन सदन में 21वां महाव्रत पारायण एवं व्रतोत्सव पत्रिका (संवत 2083, सन् 2026-27) का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां भगवती और परशुराम के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। भजन गायक राजकुमार गोस्वामी की गणेश वंदना जय गणेश देवा, माता जाकी पार्वती पिता महादेवा से माहौल भक्तिमय हो उठा। गायिका वंदना राही ने कब होगा मैया दीदार तेरा, मेरे दर पे आई है, शेरों वाली मैया, चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है जैसे भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। एक अन्य भजन प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी की धुन पर पूरा पंडाल श्रद्धा में सराबोर नजर आया। मां रेणुका वाहिनी की महिलाओं ने मां भगवती का भव्य श्रृंगार कर भोग अर्पित किया और महिलाओं को सुहाग सामग्री भेंट की।

पत्रिका निर्माण में योगदान देने वाले विद्वानों को सम्मानित किया गया। समिति अध्यक्ष पं. अनिमेष शर्मा ने संस्था की गतिविधियों व भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए सभी का आभार जताया। अंत में आरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

अमृत विचार

मुरादाबाद, सोमवार,23 मार्च 2026 मुरादाबाद देहात

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में

कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे

बरेली का एकमात्र PET CT

पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए

हमारी सेवाएं

सर्जिकल ऑन्कोलॉजी

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी

डे केयर थेरेपी

इम्यूनोथेरेपी

कैंसर आईसीयू

फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री

मैमोग्राफी

कैंसर के रोकथाम की ओपीडी

इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी

Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY

प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त

Call to find out more

9582831744, 9258116087

8679315050, 8679415050

www.rohilkhandcancerinstitute.com

रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस

सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## न्यूज ब्रीफ

### वाहन की टक्कर से गंभीर घायल महिला की मौत

**कांठ, अमृत विचार :** एक अज्ञात महिला को वाहन चालक ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उपचार के दौरान महिला की मृत्यु हो गई है। थाना छजलैट क्षेत्र के अंतर्गत छजलैट-बिजनौर मार्ग पर रविवार की प्रातः एक अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही सेमहिला को टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। थाना पुलिस ने पंचनामा भरकर मृतका का पोस्टमार्टम करा दिया।

### बाइक से गिरकर महिला घायल

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव रोजा की पुलिया के पास बाइक सवार महिला गिरकर घायल हो गई। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। वहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल को रेफर किया गया। जिला संभल के थाना हजरत नगर गढ़ी निवासी प्रशांत कुमार अपनी मां 42 वर्षीय सीता कुमारी के साथ बाइक से शाहबाद की ओर से बिलारी की ओर आ रहे थे। इसी बीच बाइक रोजा की पुलिया के पास पहुंची तो सीता कुमारी बाइक से फिसल कर गंभीर घायल हो गई और बेहोश हो गई।

### नाली में पानी निकालने के विवाद में मारपीट

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव के रहने वाले रामौतारने मुकदमा दर्ज कराया कि उसके भतीजे गुड्डू ने दबंगई के बल से उनकी नाली में ईंट रख द। जिससे उनका पानी नहीं निकल पा रहा था। उनके लड़के बंटी ने 19 मार्च को सुबह 10 बजे नाली से ईंट हटाई तो गुड्डू, उसकी पत्नी सोमवती व हेमराज ने उनके लड़के के साथ गाली-गलोच की। जब मना किया तो लात घुसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।

# श्रद्धालुओं ने मां कुष्मांडा से मांगा आशीर्वाद

## नवरात्र के चौथे दिन भी श्रद्धा और उत्साह में डूबे रहे श्रद्धालु, गूंजते रहे घर और मंदिरों में जयकारे

संवाददाता, ठाकुरद्वारा/कांठ

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप मां कुष्मांडा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सुबह होते ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और वातावरण जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। हर ओर भक्ति, श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

मां कुष्मांडा को सृष्टि की आदिशक्ति माना जाता है। कहा जाता है कि जब चारों ओर घोर अंधकार व्याप्त था, तब मां ने अपनी दिव्य मुस्कान से ब्रह्मांड की रचना की थी। इसी कारण उन्हें सृजन की देवी के रूप में पूजा जाता है। भक्तों का विश्वास है कि मां कुष्मांडा की उपासना से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और कुंडली में सूर्य ग्रह भी सुदृढ़ होता है।

नगर के प्रमुख मंदिरों दुर्गा मंदिर, खाकेश्वर मंदिर, श्री शिव धाम पंचशील मंदिर (पीपल टोला), होली चौराहा स्थित शिव



दुर्गा मंदिर में भजन-कीर्तन करतीं श्रद्धालु। ● अमृत विचार

मंदिर, कैनाल कॉलोनी शिव मंदिर, वैश्य समाज गली का दुर्गा मंदिर, जाटवान मोहल्ला स्थित दुर्गा मंदिर, 84 घंटा मंदिर एवं कायस्थान मंदिर के अलावा आसपास के गांवों रामनगर खागूवाला, मैसूवाला, मानवाला, रूपपुर टंडौला, पृथ्वीपुर गांवड़ी, गोपीवाला, पीलकपुर गुमानी, कालाझांडा, कमालपुरी खालसा, कुआंखेड़ा, पानूवाला, राजीपुर, शरीफनगर, भायपुर आदि के देवी

● पूरा दिन मंदिरों में होते-रहे भजन कीर्तन

मंदिरों में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। शाम के समय मंदिरों में भजन-कीर्तन का विशेष आयोजन किया गया। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए मां के भजनों से माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। ढोल-नगाड़ों और घंटियों की ध्वनि के बीच श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए।



कांठ में मंदिर में कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

कांठ क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ चैत्र नवरात्र के चौथे दिन कुष्मांडा माता का विधि विधान से पूजन कर मंदिरों पर कीर्तन किया गया। नगर के प्रसिद्ध माता का थान मंदिर, श्री रामलीला मंदिर, जाहरपीर मंदिर, रविदास मंदिर, वाल्मीकि मंदिर, पट्टीवाला शिव मंदिर, वैश्य विश्नोई शिव मंदिर, मोहिनी मंदिर आदि मंदिरों पर प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। नगर के सभी मुख्य मंदिरों पर प्रातःकाल से ही रौनक दिखाई दी। मंदिरों पर महिलाओं ने भजन गीत गाकर मां दुर्गा का गुणगान किया। श्री रामलीला मंदिर पर प्रथम शैलपुत्री माता का गुणगान करने वालों में रजनी अग्रवाल, वीना चौहान, शालिनी अग्रवाल, मंजू पाठक, सुनीता शर्मा, सरोज भुइयार, आरती अग्रवाल आदि श्रद्धालु महिलाएं मौजूद रहीं।

## सुख शांति और समृद्धि के लिए किया हवन

**कांठ, अमृत विचारः** प्राचीन आर्य समाज में रविवार को प्रातः हवन का आयोजन किया गया जिसमें सुख शांति और समृद्धि की कामना की गई ।

रविवार को आर्य समाज में प्रातः 9:00 बजे से हवन का आयोजन किया गया जिसमें आधा दर्जन आर्य बंधु उपस्थित थे जबकि आर्य समाजियों की संख्या लगभग 30 है। उपस्थित आर्य बंधुओं ने हवन में आहुति देकर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। आर्य समाज के पुरोहित नेपाल आर्य ने विधिवत मंत्रों का उच्चारण किया। सत्यार्थ प्रकाश पर कहा कि सभी व्यक्तियों को सच्चाई के मार्ग पर चलना चाहिए, तभी जीवन सार्थक होगा और अधिक से अधिक आर्य समाज में पहुंचकर ज्ञान प्राप्त करें और स्वामी दयानंद सरस्वती के बताएं मार्ग पर चलें। आर्य समाज के पूर्व प्रधान विक्रम आर्य, सुरेश चौहान, सुभाष बिश्नोई, अशोक बिश्नोई, विजय वर्मा, ओमकार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बाइक सवार दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

संवाददाता, मैनाठेर

● शादी के कार्ड बांटने जा रहे थे दोनों, कार की चपेट में आ गए

● कार और एक ट्रक के बीच से बाइक निकालने का किया प्रयास

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव लालपुर हमीरपुर के निकट रविवार शाम एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, हादसे के बाद मार्ग पर जाम लग गया। युवक शादी के कार्ड बांटने जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार संभल के चमन सराय निवासी चार दोस्त समीर, अयान, जीशान व अनस दो मोटरसाइकिलों से अनस के भाई की शादी का कार्ड देने मोती बाग मुरादाबाद जा रहे थे। दोनों ही बाइकों पर सवार युवक आगे- पीछे चल रहे थे। रविवार शाम करीब 8:30 बजे संभल-मुरादाबाद हाईवे स्थित गांव लालपुर हमीरपुर के पास एक ट्रक और कार के बीच से तेज रफ्तार में निकलने के दौरान समीर और अयान की मोटरसाइकिल कार से टकरा गई। हादसा इतनी भीषण था कि मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई जिसमें समीर (22) पुत्र तस्लीम और अयान सडक पर दूर तके घसटते चले गए और उन की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया। वाहनों की कतारें लग गईं। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाया। थाना प्रभारी निरीक्षक किरनपाल सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

# पथ संचलन में आस्था और अनुशासन का दिखा संगम



नगर में पथ संचलन निकालते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** हिंदू नववर्ष पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पथ संचलन का आयोजन किया। संचलन सरस्वती विद्या मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाला गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और सनातन संस्कृति की झलक प्रस्तुत की।

पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवक पारंपरिक गणवेश में सुसज्जित होकर कदमताल करते नजर आए। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर संचलन का स्वागत किया। नगर प्रचारक शिवांशु ने हिंदू नववर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल नव संवत्सर का आरंभ ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों के पुनर्जागरण का प्रतीक भी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी संस्कृति से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में बच्चा बाबा, नगर पालिका सभासद आशुतोष अग्रवाल, नगर संघचालक सुनील पुठिया, नगर कार्यवाह मुदित जी, अमित चौहान, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य अशोक , गौरव चौहान, लक्की चौहान, कमलेश , शरद पुठिया, दिनेश प्रजापति, कुषाग्र सिंघल, लव कुश, रमेश , मनोज चौहान, धर्मेंद्र पाल, धर्मेंद्र, दीपक शर्मा, तरुण अग्रवाल, निमेश अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, मुकुल जी, पार्थ अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, बिशुला अग्रवाल, सुधीर नायक सहित अनेक स्वयंसेवक एवं नागरिक शामिल रहे।

### विक्रम संवत 2083 पर निकाला पथ संचलन

**कांठ, अमृत विचार :** भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2083 के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन निकालकर एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में एकता, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। मुख्य वक्ता जिला सरसंघचालक कृष्ण गोपाल ने कहा कि भारतीय नववर्ष हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे समाज में सेवा, संस्कार और संगठन के माध्यम से भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। कार्यवाह सूर्य प्रताप, विकास शर्मा गौ सेवा गतिविधि, कठोर, शिवम, विशाल, शौर्य, हिमांग, हर्ष, नीतू, लवी सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



पथ संचलन निकालते स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी

### मंडी समिति में जर्जर बिल्डिंग से हादसे का खतरा



**कांठ, अमृत विचार :** नगर स्थित मंडी समिति में प्रतिदिन लाखों रुपये का व्यापार होता है। अब यह स्थान शराबियों का अड्डा बनता जा रहा है। साथ ही मंडी की बिल्डिंग जर्जर हालत में खड़ी है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। मंडी समिति में सब्जी का बड़ा व्यापार होता है और सीजन के दौरान गेहूं व धान की सरकारी खरीद के लिए केंद्र भी स्थापित किए जाते हैं। इसके बावजूद अधिकारियों की लापरवाही साफ नजर आ रही है। लोगों का कहना है कि मंडी समिति इंचार्ज शायद ही कभी पहुंचते हों। यहां होमगार्ड की ड्यूटी लगाई जाती है, लेकिन मौके पर कोई नजर नहीं आता। मंडी समिति शराबियों का अड्डा बनती जा रही है। मंडी की बिल्डिंग की स्थिति भी बेहद खराब हो चुकी है। पूर्व में संबंधित अधिकारियों को कई बार इसकी मरम्मत के लिए पत्र लिखे जा चुके हैं, लेकिन बजट के अभाव में कोई कार्य नहीं हो सका।



### नगर पंचायत अध्यक्ष ने डीएम से मिलकर दी ईद की बधाई

**कांठ, अमृत विचार :** ऊमरी कलां नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी उस्मान अली एवं उनके पुत्र सैय्यद मुअज्जम अली ने ईद के मौके पर जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुवंर आकाश सिंह से भेंट कर ईद की मुबारकबाद दी। न्होंने जरूरतमंदों को जकात देकर हर संभव सहायता देने के वादा भी किया। इस मौके पर मास्टर शमीम अहमद, डॉक्टर जावेद अंसारी, हाजी जाहिद अंसारी, डॉक्टर नौशाद अंसारी,डा अजीम अंसारी, सैय्यद शारिव अली, वरहम अली, गुफरान अली, सैय्यद सलमान, फैज अली आदि मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर कई घायल

**मैनाठेर, अमृत विचार :** डींगरपुर-पाकवाड़ा मार्ग पर रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर सड़क किनारे चल रहे कई लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल भिजवाया गया है यह घटना गांव जटपुरा के निकट हुई। एक कार चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे पैदल चल रहे लोगों तथा बाइक सवारों को टक्कर मारते हुए गुजर गई। हादसे में ट्यूशन पढ़ने जा रही एक बच्ची समेत कई लोग घायल हो गए। लोगों ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। दुर्घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



### प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को बताईं सरकार की योजनाएं




**कांठ , अमृत विचार :** भीकनपुर स्थित द ग्रांड फार्म हाउस में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का दो दिवसीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, सौर ऊर्जा मुफ्त बिजली योजना तथा जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक राजेश कुमार उर्फ चुन्नू उपस्थित रहे। उनके साथ जिलाध्यक्ष आकाश पाल, हरिओम शर्मा, चौधरी हुकम सिंह, राजन विश्नोई, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, राजपाल सिंह प्रजापति, प्रमोद चौहान, सौरभ अग्रवाल, आनंदी प्रजापति, अंकुश चौहान, सत्यवान सिंह राजपूत, सूरज सिंह, बलवंत सिंह, अमरीश कुमार शर्मा, राजकुमार ठाकुर, डॉ . नैपाल सिंह, चंचल पाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण वर्ग में कार्य विस्तार पर मंथन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** रविवार को ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मंडल डिलारी में प्रशिक्षण वर्ग 2026 के दूसरे दिन का आयोजन उत्साह और अनुशासन के साथ हुआ।

सत्र की अध्यक्षता डॉ. शेर सिंह दक्ष ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में भजन लाल पाल ने कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार उसकी जमीनी पकड़ और सक्रिय कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव और बूथ स्तर तक संगठन की पहुंच को मजबूत करें तथा जनसंपर्क बढ़ाकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें।

वक्ताओं ने संगठनात्मक गतिविधियों को और प्रभावी बनाने,



गांव मलकपुर सेमली में प्रशिक्षण में भाग लेते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

नई कार्ययोजना तैयार करने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय और समर्पण पर जोर दिया। प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों, उद्देश्यों और कार्यपद्धति की गहन जानकारी दी जा रही है, जिससे वे अपने दायित्वों का बेहतर निर्वहन कर सकें।

कार्यशाला का संचालन सचिन राणा ने किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रत्याशी अजय प्रताप, नामित सभासद वीरेंद्र रुहेला, मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा, उनीत रुहेला, अंकुश रुहेला, खूब सिंह प्रजापति, सोनू कुमार, मंडल महामंत्री रविराज, अरुण विश्नोई सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तेंदुए की हलचल से रामपुर बलभद्र के गामीणों में खौफ

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ग्राम रामपुर बलभद्र में आबादी क्षेत्र के पास तेंदुए की मौजूदगी का वीडियो वायरल होते ही हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि की। वन विभाग के दरोगा पीयूष जोशी, मदन कुमार ने ग्रामीणों से सावधानरहने की अपील की ।

ग्रामीणों का कहना है कि अब गांव में दिन ढलते ही सन्नाटा पसर जाता है। बच्चों को ले कर सबसे ज्यादा डर है। किसान अब अपनी फसलों से ज्यादा खुद की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों को पशुओं की रखवाली के लिए पूरी रात जागना पड़ रहा है। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को सावधानी बरतने की सलाह तो दे दी गई है, लेकिन ग्रामीण तेंदुए को पकड़ने की मांग कर रहे हैं।

## जल है तो कल है स्काउट-गाइड ने चौराहे पर बांटे संदेश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्काउट्स और गाइड्स ने रविवार को पीलीकोठी चौराहे पर अभियान चलाकर नागरिकों को जल संरक्षण का संदेश दिया।

पांच सूत्रीय संदेश के माध्यम से लोगों को जल के महत्व और संरक्षण के उपाय बताए गए। नागरिकों से अपील की कि पानी को व्यर्थ न बहाएं, उसका दोबारा उपयोग करें, तालाबों और कुओं की सफाई रखें, अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और वर्षा जल संचयन को अपनाएं। अभियान में विभिन्न विद्यालयों के स्काउट-गाइड्स ने हिस्सा लिया। इस मौके पर जिला संगठन कमिश्नर (गाइड) मोनिका, जिला ट्रेनिंग कमिश्नर शुभम सैनी, प्रवीण, मोनू, अमन, काजल, दर्शिका तिवारी, प्रिया राणा और प्राची प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वहीं, जिला सचिव बबीता मल्होत्रा, डॉ. सुरेंद्र वर्मा आदि रहे।

# हमने खून से सींचा है इसको ऐ चमन वालों...

● सरदार भगतसिंह, राजगुरू और सुखदेव का बलिदान दिवस मनाया गया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** आर्य समाज स्टेशन रोड पर रविवार को क्रांतिकारी सरदार भगतसिंह, राजगुरू और सुखदेव का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आचार्य सुश्रुत साम श्रमी ने सुमित आर्य -सुमन आर्य, मयंक आर्य -शिवानी आर्य, रामाशंकर आर्य -प्रभा आर्य जितेंद्र सिंह आर्य -पुष्पा आर्य की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ कराया।

मुख्य अतिथि क्रांतिकारी मेजर डॉ. राजीव ढल और विशिष्ट अतिथि धवल दीक्षित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान अजब सिंह आर्य ने की। मुख्य वक्ता वैदिक मनीषी आचार्य सुश्रुत साम श्रमी ने कहा कि देश में अंग्रेजी शासन भारतीयों पर अनेक अत्याचार किए जा रहे थे। साइमन कमीशन के विरोध में लाला लाजपत राय की हत्या कर दी गई थी। क्रांतिकारियों ने सांडर्स की हत्या करके बदला लिया। एसेंबली में बम ब्लास्ट करके अंग्रेजों को चुनौती दी। इस घटना को लाहौर षड्यंत्र केस के रूप में केस न्यायालय में चला जिसमें सरदार भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को फांसी का आदेश दिया और 23 मार्च को फांसी दे दी गई। उनके बलिदान पर किसी ने कहा था कि हमने खून से सींचा है इसको ए चमनवालों, न देते लहूं तो ये चमन विरान हो जाता।




कार्यक्रम में मौजूद आर्य समाज के पदाधिकारी व अतिथि ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि सरदार भगत सिंह पर अपने परिवार के क्रांतिकारी संस्कारों का बड़ा प्रभाव था। लाला लाजपतराय,गोविंद नारायण नाराडे, गोपाल कृष्ण गोखले, श्याम कृष्ण वर्मा, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, वीर सावरकर रामप्रसाद बिस्मिल, लाला हरदयाल, स्वामी श्रद्धानंद आदि महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों से क्रांतिकारी बने। इस अवसर पर मंत्री एडवोकेट रमेश सिंह आर्य, डॉ. अभय श्रोत्रिय, राम मुनि, आलोक आर्य, लोकेश आर्य, महेश दिवाकर, अरबिंद आर्यबंधु निर्मल आर्य, राकेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## चेकिंग अभियानः 33 वाहनों पर कार्रवाई, 2.16 लाख जुर्माना वसूला

**रामपुर, अमृत विचारः** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान के तहत 33 वाहनों पर कार्रवाई, 2.16 लाख जुर्माना लगाया गया है।

जिले के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर वाहनों की गहन जांच की गई।

जांच के दौरान कई वाहनों में यातायात नियमों का उल्लंघन पाया गया। विशेष रूप से गलत नंबर का उपयोग एवं वाहन कर बकाया जैसी अनियमितताएं सामने आईं। ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 33 वाहनों के खिलाफ चालान किया गया। प्रवर्तन अभियान के तहत संबंधित वाहनों पर कुल 2,16,000 का अर्थदंड लगाया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। जिलाधिकारी ने जिले में सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

# महापुरुषों से प्रेरणा ले उनके बताए रास्ते पर चलें युवा

### सैनी, मौर्य, शाक्य व कुशवाहा सभा ने मनाया होली मिलन व सम्राट अशोक जन्मोत्सव, बड़ी संख्या में जुटे लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** सैनी, मौर्य, शाक्य, कुशवाहा सभा के तत्वाधान में रविवार कोहोली मिलन एवं चक्रवर्ती सम्राट अशोक जन्मोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मथुरा वृंदावन से आए हुए कलाकारों ने मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक चेयरमैन मोहनलाल सैनी ने कहा कि सम्राट अशोक मौर्य राजवंश के महान सम्राट थे। पूर्व समाज कल्याण अधिकारी रामपुर वीके सैनी ने कहा कि सम्राट अशोक ने अपने शासनकाल के 9वें वर्ष में कलिंग पर विजय प्राप्त की। इस युद्ध ने उनपर गहरा प्रभाव डाला और उसका हृदय परिवर्तन हो गया। अशोक ने कभी युद्ध न लड़ने की कसम खाई और दिग्विजय की अपेक्षा बौद्ध धर्म को प्राथमिकता दी। संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व डायरेक्टर पीसीएफ प्रेमपाल सिंह सैनी ने कहा कि महापुरुषों के जीवन संघर्ष के इतिहास से प्रेरणा लेनी चाहिए। वक्ताओं ने युवाओं से महापुरुषों के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया।




वृंदावन की महिला कलाकारों की मनमोहक झांकी। ● अमृत विचार

**● वक्ताओं ने समाज के लोगों को एकजुट करने का किया आह्वान**

पूर्व बार अध्यक्ष रामौतार सैनी एडवोकेट, प्रेमपाल सिंह सैनी, रोहतास मौर्य एडवोकेट, सत्यपाल सिंह सैनी, सुल्तानपुर पट्टी के नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव सैनी, हेम सिंह सैनी, गंगाराम सैनी, निरंजन लाल सैनी, राजकिशोर सैनी, रामबहादुर सैनी, उमेश सरन सैनी, अजय सैनी, भूप सिंह सैनी, देवकीनंदन मौर्य, गंगासरन सैनी, रामस्वरूप सैनी, बलवीर सैनी आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन प्रेमपाल सिंह सैनी ने किया।

**कुरीतियों को त्याग शिक्षा का रास्ता अपनाएं :** स्वार-टांडा विधानसभा पूर्व भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी सैनी ने कहा कि समाज के लोगों को कुरीतियों को त्याग कर शिक्षा का रास्ता अपनाना होगा। अधिकतर महिलाओं की शिक्षा पर जोर देना होगा। क्योंकि घर की महिला यदि शिक्षित होगी तभी वह अपने घर परिवार को व्यवस्थित रख सकती है। सभा के जिलाध्यक्ष पन्नालाल सैनी ने अतिथियों व समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया।



उत्सव पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद समाज के लोग। ● अमृत विचार




डीसीबी चेयरमैन मोहनलाल सैनी, संगठन जिलाध्यक्ष पन्ना लाल सैनी सहित मौजूद अन्य लोग। ● अमृत विचार

## जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल से वातावरण भक्तिमय

**बिलासपुर, अमृत विचारः** रविवार को गांव पसियापुरा स्थित शहीद बाबा दीप सिंह गुरुद्वारा में धार्मिक समागम का आयोजन हुआ। इस दौरान जत्थेदारों द्वारा किए गए शबद कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। समागम की शुरुआत सुबह करीब पांच बजे मुख्य ट्रस्टी सतनाम कौर की उपस्थिति में हुई। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी जसपाल सिंह ने नितनेम का पाठ और कीर्तन किया। सुबह नौ बजे अखंड पाठ व भोग डाला गया, जिसके बाद अरदास संपन्न हुई। तत्पश्चात, दीवान हाल में श्री गुरु महाराज जी की सुसज्जित पालकी को प्रकाशमान किया गया।

धार्मिक दीवान में जत्थेदारों ने अपनी मधुर वाणी में शबद कीर्तन कर संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही पूरा पंडाल जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों से गूंजता रहा। शाम चार बजे तक चले इस समागम का समापन अंतिम अरदास के साथ हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मत्था टेका और गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके अलावा सुबह से लेकर शाम तक धार्मिक स्थल पर गुरु का अटूट लंगर भी बरताया गया। व्यवस्था में जितेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# समरसता का प्रतीक होगी अशोक जयंती



राहे रजा स्थित कांग्रेस के कैंप कार्यालय पर मौजूद कांग्रेसी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** राहे रजा स्थित कांग्रेस कार्यालय पर रविवार को हुई बैठक में पूर्व विधायक संजय कपूर ने कहा कि होली एवं ईद मिलन समारोह के उपलक्ष्य में 26 मार्च को कांग्रेसी सम्राट अशोक जयंती मनाएंगे। कहा कि कार्यक्रम सामाजिक समरसता, भाईचारे और एकता का प्रतीक होगा। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी शामिल होंगे।

बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों ने चिंतन मंथन किया। जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि साथियों में उत्साह है। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया है कि वह अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस आयोजन को सफल बनाएंगे। कांग्रेसियों से अपील की कि वह गुरुवार को प्रातः 10:30 बजे निर्धारित स्थान पर पहुंचकर सहभागिता सुनिश्चित करें। शहर अध्यक्ष बाकर अली खान ने कहा कि नगर कांग्रेस कमेटी के लोग रामपुर जीरो प्वाइंट से प्रदेश अध्यक्ष को रिसीव कर कार्यक्रम स्थल तक लाएंगे। इस मौके पर साहिर रज़ा खां, अहसान खां, सरदार गुरुवाज सिंह, नोमान मुमताज खां, मोहम्मद जकी, अबरार गुड्डू, मोहम्मद रफी, शकील मंसूरी, कपिल चौधरी, महेश मौर्य, मुकर्रम मियां, इमरान पाशा, सरदार पिंदर सिंह, भूरा खां, मोईन खां एडवोकेट, शाहनवाज खां आदि मौजूद रहे।

**● 26 को आयोजित कार्यक्रम में आएंगे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष**

## बहुजन समाज की एकता पर जोर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**● बहुजन सशक्तिकरण संघ की बैठक आयोजित**

**अमृत विचारः** रविवार को अखिल भारतीय जाटव महासभा के कार्यालय पर बहुजन सशक्तिकरण संघ की बैठक हुई। इसमें समाज की एकजुटता पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि हमे छोटे-छोटे टुकड़ों में ना बंटकर बहुजन सशक्तिकरण संघ के साथ मिलकर काम करना होगा।

महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुमार सागर सहित मेरठ, गाजियाबाद और सहारनपुर मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में 14 अप्रैल डॉक्टर बीआर आंबेडकर जयंती सहित अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा हुई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष नानक चंद ने कहा कि आज समाज में फैली कुरीतियों की वजह से ही समाज में बिखराव है। हमें मतभेदों को भुलाकर एक नई व्यवस्था करनी चाहिए। तभी कांशीराम व बाबा साहब के सपनों का भारत बना सकते हैं। इस दौरान कमलेश गौतम, आरबी सिंह, डॉ. मनोज गौतम, नवीन गौतम, कुलदीप सिंह, मदन ओबरॉय, जीबीपी सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



बैठक के बाद कार्यक्रम की जानकारी देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# अशिक्षा, अंधविश्वास व दहेज प्रथा के खिलाफ अभियान चलाएगा धोबी समाज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** रविवार को अशोक विहार स्थित आवास पर अखिल भारतीय धोबी महासंघ की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष चरन सिंह कहा कि समाज में फैली कुरीतियों अशिक्षा, अंधविश्वास, पाखंडवाद, दहेज प्रथा, मृत्यु भोज आदि के खिलाफ अप्रैल माह से जनजागरण अभियान गांव-गांव चलाया जाएगा।

बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए आम-व्यय पर विस्तार से चर्चा हुई। कोषाध्यक्ष रघुवीर शरण दिवाकर द्वारा संगठन के पदाधिकारियों के समक्ष आय व व्यय का ब्यौरा रखा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनजागरण के दौरान समाज को शैक्षणिक, आर्थिक सांस्कृतिक रूप से मजबूती हेतु संत शिरोमणि गाडगे महाराज के विचारों के माध्यम से एक रोटी कम खाओ लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ पर मिलकर काम करने पर जोर दिया जाएगा। आम जनमानस को राजनीतिक हिस्सेदारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेंगे।

भाजपा रामपुर की जिलामंत्री बनने पर गंगा देवी दिवाकर को माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान चरन सिंह जिला अध्यक्ष, अशोक कुमार दिवाकर महासचिव, हेमंत दिवाकर, रघुवीर सरन दिवाकर, विजय पाल सिंह, होशियार सिंह, ओमवीर सिंह, विक्रम सिंह दिवाकर, कमल सिंह, नेपाल सिंह, नन्हू सिंह दिनकर, गुलशन कुमार दिवाकर, राज किशोर रामकिशोर, रामपाल मोहन लाल दिवाकर, वरुण एडवोकेट, परमजीत सिंह एडवोकेट समेत कई लोग मौजूद रहे।



गंगा देवी का स्वागत करते धोबी संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**● अखिल भारतीय धोबी महासंघ की बैठक में बोले जिलाध्यक्ष**

# धूमधाम से मनेगी जयंती



बैठक में बोलते तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल तुरैहा।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**● तुरैहा समाज की बैठक में बोले जिलाध्यक्ष कमल तुरैहा**

**अमृत विचारः** सराय गेट स्थित माता संतोषी के मंदिर में बाबा रामस्वरूप तुरैहा की समाधि पर रविवार को तुरैहा मछुआ समाज की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि आगामी 5 अप्रैल को महाराजा निषाद राज जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।

बैठक में रणनीति तैयार की गई व कार्यक्रम के लिए सर्वसम्मति से जिला सहकारी बैंक सभागार का चयन किया गया। 29 मार्च को बैठक में अंतिम रूपरेखा तैयार होगी। जिला मंत्री रामसिंह तुरैहा ने संचालन किया। दिल्ली पालम की घटना में शोक संवेदना जताई। बैठक में पूरन लाल कश्यप, राजीव कुमार, संजीव कुमार, अरविंद कुमार, अर्जुन कुमार, विनेश कुमार, राजीव सिंह तुरैहा, शिवकुमार तुरैहा, विक्रम सिंह तुरैहा, राजेश कुमार तुरैहा, दौलतराम तुरैहा, राम गोपाल तुरैहा, सुशील कुमार, राजीव कुमार, दौलत राम आदि मौजूद रहे।

## उत्तराखंड की तर्ज पर नियमित करने की मांग

**रामपुर,अमृत विचारः** हाईवे स्थित आंबेडकर पार्क में रविवार को शिक्षक, शिक्षा मित्र उत्थान समिति की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष होरी लाल सैनी ने कहा कि सरकार उत्तराखंड की तर्ज पर टैट और सीटैट पास शिक्षामित्रों का नियमतिकरण कराए।

इसके अलावा शिक्षामित्रों के लिए कैशलेस चिकित्सा और मानदेय वृद्धि पर प्रशंसा जताई। जिला महामंत्री नरेश पाल सिंह ने कहा कि जो शिक्षामित्र योग्यता पूर्ण करते हैं उनका नियमितिकरण कराया जाए।

जिला महिला प्रभारी माद्री सिंह ने कहा कि सरकार जब तक नियमितिकरण नहीं करती जब तक सम्मानजनक वेतन दे। बैठक में चंदन सिंह, उग्रसैन, अशोक कुमार, लाल बहादुर, भोलेनाथ, कृष्ण पाल सिंह, मिथलेश यादव, आरिफ अली, वेद प्रकाश, सोमपाल सिंह, हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन की जानकारी दी

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचारः** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के तहत स्वार ग्रामीण मंडल में दो दिवसीय प्रशिक्षण रविवार को सम्पन्न हुआ। 21 व 22 मार्च को आयोजित प्रशिक्षण वर्ग के पहले दिन चार व दूसरे दिन तीन सत्र हुए।

रविवार को प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न विषयों पर वक्ताओं ने मार्गदर्शन दिया।

मुख्य वक्ता नगर पालिका बिलासपुर चेयरमैन चित्रक मित्तल, पूर्व जिला महामंत्री राजीव मांगलिक, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन मोहन लाल सैनी, प्रमोद आहुजा, दिलीप अरोड़ा, राहुल गुप्ता जिला संयोजक, आईटी सेल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं को वैचारिक अधिष्ठान, पार्टी का इतिहास एवं विकास, कार्य पद्धति, संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग तथा सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में भाजपा जिला मंत्री पवन कुमार ने व्यवस्थाओं का संचालन किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष जयवर्धन मौर्य, महामंत्री आशीष पाल एवं संजीव मौर्य, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष चौधरी सतपाल सिंह हुड्डा, मसवासी चेयरमैन दिनेश गोयल सहित अशोक सैनी, दीपक सैनी, नत्थाराम कंबोज, राम सिंह, वीरेन्द्र मौर्य, ब्रह्मपाल सागर, दाताराम, महेंद्र मौर्य, रमेश भगत सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बिजारखाता में भाजपा की प्रशिक्षण शिविर में मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**● स्वार ग्रामीण मंडल में दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न**

## यूपी बोर्ड कॉपियों के मूल्यांकन में 242 परीक्षक रहे अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** रविवार को यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों के मूल्यांकन से 242 परीक्षक अनुपस्थित रहे। हाईस्कूल के मुर्तजा इंटर कॉलेज के मूल्यांकन केंद्र में 35 और इंटरमीडिएट के मूल्यांकन केंद्र पर 207 परीक्षक नहीं पहुंचे। राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की 42000 और राजकीय रजा इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की करीब 34000 कॉपियों का मूल्यांकन हो गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि परीक्षकों की कमी को रिजर्व पैनल से पूरा किया जा रहा है।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले में दो मूल्यांकन केंद्रों पर कॉपियों का मूल्यांकन हो रहा है। रविवार को हाईस्कूल के मूल्यांकन केंद्र राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज में 308 परीक्षकों ने 9500 कॉपियों का मूल्यांकन किया। राजकीय रजा इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की 3400 कॉपियों का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन नियंत्रक संजय कुमार ने बताया कि हाईस्कूल की रविवार तक 42000 कॉपियों का मूल्यांकन हो गया है। हाईस्कूल की 1 लाख 34 हजार कापियां आवंटित हैं। रजा इंटर कॉलेज के मूल्यांकन नियंत्रक अभिलाष कुमार ने बताया कि इंटरमीडिएट की लगभग 90,000 कॉपियों का मूल्यांकन किया जाना है जिसके सापेक्ष रविवार तक 34000 कॉपियों का मूल्यांकन हो चुका है। बताया कि रविवार को 359 के सापेक्ष 152 परीक्षकों ने इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन किया है।

> दोनों मूल्यांकन केंद्रों पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की 74000 कॉपियों का मूल्यांकन हो चुका है। 1 अप्रैल से पहले मूल्यांकन कार्य को निपटाना होगा। ताकि समय से यूपी बोर्ड का रिजल्ट घोषित हो सके। - **अंजलि अग्रवाल,** जिला विद्यालय निरीक्षक

**सूचना**

न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी महोदय मुरादाबाद के यहां एक वाद सं. 15512 सन् 2025 धारा-24 राजस्व संहिता 2006 ग्राम-गुरैठा तह. व जिला मुरादाबाद खसरा सं. 294 की ठियेबंदी हेतु संतोष देवी आदि बनाम उदयसिंह आदि के नाम से विचाराधीन है। इस विज्ञापन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त वाद के अन्तर्गत प्रतिवादीगण में से जो भी व्यक्ति किसी प्रकार की आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वह दिनांक 25.3.26 को प्रात: 10 बजे आकर न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा न्यायालय के द्वारा उक्त वाद को सुनकर उचित आदेश पारित कर कार्यवाही समाप्त कर दी जायेगी।

**न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी मुरादाबाद**

**परेशानी** एजेंसियों पर गैस के लिए हो रही मारामारी, कई-कई दिन बाद मिल रहा सिलेंडर

# गैस की किल्लत जारी, सिलेंडर लेने की रोजाना हो रही जद्दोजहद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** जिले में भरपूर मात्रा में गैस होने का भले ही दावा किया जा रहा हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ अलग ही है। रामपुर शहर सहित मिलक, बिलासपुर समेत जिले में लोग एलपीजी के लिए परेशान हैं। एजेंसियों पर गैस के लिए मारामारी हो रही है। कई-कई दिन बाद लोगों को सिलेंडर मिल रहे हैं।

रविवार को सैफनी के खरसौल गांव स्थित एक गैस एजेंसी पर गैस वितरण में धांधली का आरोप लगाते हुए किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ईरान, अमेरिका और इजराइल से जंग से गैस की व्यवस्था बेपटरी हो गई है। घरों पर गैस नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। लोग एजेंसियों के चक्कर लगा रहे हैं। लोगों को 15-15 दिन बाद गैस सिलेंडर मिल रहे हैं। गैस नहीं मिलने पर मिलक, बिलासपुर, मसवासी समेत तमाम जगह उपभोक्ता गैस एजेंसियों पर हंगामा कर चुके हैं। पूरे-पूरे दिन लोगों को कतार में खड़ा होना पड़ रहा है और इसके बाद गैस नहीं मिलने पर उनका पारा चढ़ जाता है और हंगामा होने लगता है।



एसडीएम आशुतोष कुमार को ज्ञापन सौंपते किसान। ● अमृत विचार



5 मार्च को गैस बुक करा दी थी लेकिन, अभी तक सिलेंडर नहीं मिला। प्रशासन कह रहा है कि गैस की कोई कमी नहीं है लेकिन, मिल कहां रही है। **-प्रेम प्रकाश**

## किसानों ने गैस एजेंसी संचालकों पर धांधली का लगाया आरोप

**संवाददाता, सैफनी,अमृत विचार :** किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति यूनियन के पदाधिकारी रविवार को खरसौल की भारत गैस एजेंसी पर एकत्रित हुए और इसके बाद शाहबाद एसडीएम आशुतोष कुमार भी एजेंसी पर पहुंच गए। किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर कई तरह के आरोप लगाए। गैस एजेंसी के उपभोक्ता मोहम्मद जाने आलम ने आरोप लगाया कि उनके नाम के गैस एजेंसी की साइट पर ऑनलाइन सिलेंडर दर्ज है। जबकि उनकी किताब पर कोई सिलेंडर दर्ज नहीं हैं। उन्हें कोई सिलेंडर नहीं दिया गया है। काफी समय से वह लगातार गैस एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं। मामला गरमाता देख थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ एजेंसी पर मौजूद रहे। ज्ञापन देने वालों में भाकियू मंडल उपाध्यक्ष स्वराज सिंह, पुष्पेंद्र यादव, सत्यवीर, शांति, राजकुमारी, शांति देवी आदि शामिल रहे।

बुक कराने के बावजूद गैस नहीं मिल रही है। एजेंसी पर पर्ची लेने के लिए लगातार चक्कर लगा रहे हैं। ईद पर बहुत परेशानी हुई। **-रियासत खां**



**● एजेंसियों पर गैस के लिए मारामारी हो रही**

**● कई-कई दिन बाद लोगों को सिलेंडर मिल रहे हैं**



गैस बुकिंग के लिए काफी परेशानी हो रही है। कई दिन से एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं। गैस नहीं होने से घरों पर महिलाओं को दिक्कत हो रही है। जिससे खाना भी नहीं मिल रहा है। **-संजय अग्रवाल**



चक्कर लगा रही हूं लेकिन, गैस बुक नहीं हो पा रही है। बहुत परेशानी हो रही है। ईद पर गैस नहीं होने से बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा। गैस ऐजेंसी वाले भी ढग से बात नहीं कर रहें है। **-तोशीबा**

**कार्यालय क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद**

पत्रांक : 1731/वाहन स्टैण्ड ठेका पत्रा./2026-27 दिनांक : 18 मार्च 2026

**नीलमी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर, मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए साईकिल मोटर साईकिल, स्कूटी एवं कार आदि के पार्किग ठेके की नीलामी दिनांक 28.03.2026 को पूर्वान्ह 11:30 बजे नेताजी सुभाष चन्द्रबोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर, मुरादाबाद में होगी। इच्छुक ठेकेदार रूपया 2,000/- (रूपया दो हजार मात्र) की धनराशि नकद जमानत के रूप में प्रातः 11:30 बजे तक जमा करके नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है। अधिकतम जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

**(चंचल मिश्रा)**
**क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी,**
**मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद**

## सिटी ब्रीफ

### आरिफ खां सपा के तहसील अध्यक्ष नियुक्त



**बिलासपुर, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय कुमार सागर ने मोहल्ला विशारतनगर निवासी मो. आरिफ खां अरोमा को तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया। नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी गरीब, मजदूर और शोषित वर्ग की आवाज उठा रही है। 2027 में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए की सरकार बनाने में सहयोग करेंगे। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अमरजीत सिंह, पूर्व पालिकाध्यक्ष मोहम्मद हसन खां, शिवकुमार गुप्ता, सभासद मोहसिन खां, वजाहत खां, फैसल खां, अमान खां, अजीम खां ने बधाई दी।

### शराब तस्कर गिरफ्तार

**मसवासी, अमृत विचार :** पुलिस ने बीस लीटर कच्ची शराब के साथ एक ग्रामीण को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान किया है। रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति रहमतगंज के जंगल में कच्ची शराब बिक्री के लिए लेकर जा रहा है। पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में घूम रहे ग्रामीण को दबोच लिया और उसके हाथ में केन था। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम राजेंद्र पुत्र मोहनलाल निवासी वार्ड दो भूबरा मसवासी बताया। आरोपी का चालान कर दिया है।

# संघ को एकजुटता से मजबूत बनाने का लिया संकल्प

## बिलासपुर में चैत्र शुक्ल भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन, लोगों ने किया स्वागत

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में स्वयं सेवकों द्वारा चैत्र शुक्ल भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में नगर में पथ संचलन निकाला गया। जिसका लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया। रविवार को ब्रह्मदत्त सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में आरएसएस कार्यकर्ता एकत्रित हुए।

इसके बाद पथ संचलन विद्यालय से प्रारंभ होकर नैनीताल मार्ग, पुरानी तहसील मार्ग, सिनेमा रोड़, मोहल्ला साहूकारा, पुरानी रामलीला मैदान, कायस्थान, भट्टी टोला, पंजाबी कालोनी, कैनाल मार्ग, रामपुर मार्ग, पोस्ट आफिस मार्ग, शिवबाग मंडी, माटखेड़ा मार्ग, मुख्य चौराहे से होकर कार्यक्रम स्थल पर संपन्न हुआ। वक्ताओं ने पथ संचलन का महत्व बताया। उन्होंने संघ को एकजुटता से मजबूत बनाने और जिम्मेदारियों का निष्पक्ष निर्वाह करने का संकल्प दिलाया। साथ ही हिंदू संस्कृति को बचाने और देशभक्ति के प्रति जागरूक किया।

कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल, ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख एवं आरएसएस की मुरादाबाद विभाग संयोजिका व महिला समन्वय निवेदिता मित्तल ने पुष्पवर्षा की। इस मौके पर नगर संघचालक प्रदीप मित्तल, जिला प्रचारक प्रमोद, नगर कार्यवाह सुमित गोयल, सह नगर कार्यवाह सतीश बंसल, नगर प्रचारक पवन, खण्ड कार्यवाह सुदर्शन सिंघल, पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल, अनिल मदान, अंशुल अग्रवाल, अमित, रोहित शर्मा, गंगाराम, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे। सुरक्षा-व्यवस्था के लिए प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी योगेश सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



बिलासपुर में पथ संचलन करते आरएसएस स्वयं सेवक। • अमृत विचार



शाहबाद में आरएसएस के पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवक। • अमृत विचार

### स्वयं सेवकों को संघ का महत्व बताया

**स्वार, अमृत विचार :** रविवार को तहसील क्षेत्र के गांव शिवपुरी पिस्तौर के परमेश्वरी इंटर कॉलेज से पथ संचलन गांव की गलियों से निकाला गश्स। इस दौरान ग्रामीणों ने साफ सफाई की। घरों की छतों से ग्रामीणों ने पथ संचलन पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। मुख्य वक्ता एवं खंड संघचालक सुधीर कुमार ने संघ संस्थापक डॉ. केशवराव हेडगेवार, भारत माता एवं पूज्य माधव राव सदाशिव गोलवलकर के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए ओर स्वयं सेवकों को संघ का महत्व बताया। भगवा ध्वज लगाया। कार्यक्रम में खंड शारीरिक शिक्षण प्रमुख राजीव कुमार, सत्येंद्र कुमार, गोपी चंद, देवेंद्र सिंह, नरोत्तम सिंह, इंटर कालेज के प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्र सहित सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे, अभिसूचना इकाई प्रभारी सुमित राजपूत मौजूद रहे

## आरएसएस के पथ संचलन पर बरसे पुष्प

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार:** वर्ष प्रतिपदा के उपलक्ष में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कस्बे में पथ संचलन निकाला।

इस दौरान जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। श्रीराम स्कूल परिसर में स्वयंसेवक एकत्रित हुए। यहां से पथ संचलन शुरू किया, जो कि कस्बे की मुख्य सड़क बाजार से होते हुए श्रीराम स्कूल में पहुंचकर संपन्न हुआ।

पथ संचलन में स्वयंसेवक घोष की ताल पर कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान सहजिला कार्यवाह अरुण कुमार का उद्बोधन रहा। नगर संचालक उमेश रस्तोगी, नगर कार्यवाह कपिल शर्मा, सहनगर कार्यवाह अमर कुमार, अंकुर, पंकज बरनवाल, राजेश कुमार, हिमांशु दिवाकर, भागीरथ, सतीश, प्रशांत, रामशुमरन पाराशरी, सुरेश बाबू गुप्ता, भूकन लाल, अमित चंद्रवंशी, वेदप्रकाश चंद्रवंशी, वेदप्रकाश गुप्ता सेठ जी, एड. अमर सिंह, एड. रोहित कुमार, शोभित गुप्ता, रानू सक्सेना, आशुतोष पाठक, उमेश पाल, मोहित, दीपक, चंदन, अभिमन्यु, ओमकार समेत अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे। सीओ देवकीनंदन एवं कोतवाल प्रदीप कुमार मय फोर्स के मौजूद रहे।

## होटल के विवाद में मारपीट, वीडियो वायरल

**मिलक, अमृत विचार:** शनिवार को नगर के जालिफ नगला स्थित एक होटल पर मामूली बात को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। लोगों के अनुसार कुछ लोग होटल पर पहुंचे थे, जहां किसी बात को लेकर होटल स्वामी से कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे। घटना के दौरान मौके पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कई युवक हाथों में डंडे लिए एक-दूसरे पर हमला करते नजर आ रहे हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में ले लिया। झगड़े में घायल हुए दो युवकों को इलाज के लिए भेजकर उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। कोतवाल पुष्कर सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला किसी दावत के दौरान हुए विवाद का प्रतीत हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोनों ही पक्ष एक ही समुदाय के हैं। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरती जा रही है।

# शिव ही सर्वशक्तिमान व जीवनदाता

- श्री हरि मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का चौथा दिन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** आदर्श कॉलोनी स्थित श्री हरिहर मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन व्यास देवराज जी ने कहा कि मां पार्वती को नारद एवं सप्त ऋषियों ने शंकर के अनेक दोषों को बताया और उनसे विवाह करने को मना किया। परंतु मां पार्वती ने देवों के देव महादेव का ही घोर तपस्या कर वरण किया। कहा कि महादेव ही सर्वशक्तिमान हैं जिनका न आदि है और न अंत है। केवल शिव ही जीवन दाता है और सर्वशक्तिमान है इसलिए ही सबसे अधिक मंदिर भगवान शिव के ही हैं।

मंदिर में आयोजित कथा में व्यास देवराज ने कहा कि शमशान का अर्थ ही है जहां पहुंचकर सब समान हो जाते हैं उसी का नाम शमशान है। सभी भूत प्रेत बराती बनकर बैंड बाजे के साथ नृत्य करते हुए हिमालय के यहां मां पार्वती का वरण करने पहुंचे। शिव के स्वरूप को देख पार्वती माता भयभीत हो गई थीं। किंतु आदि शक्ति मां पार्वती ही शंकर के वास्तविक रूप को जानती थी अतः धूमधाम से मां पार्वती का शिव से विवाह हुआ। मुख्य यजमान शलभ गुप्ता द्वारा पूज्य व्यास जी एवं झांकी का पूजन किया गया। कथा में पूर्व राज्य मंत्री शिव बहादुर सक्सेना, सौरव पाठक, प्रमोद पांडेय, सुनील कौशिक, आदित्य, अतुल, सीताराम शर्मा, दिलीप, नरेश शर्मा, सुनील, प्रवीण भांडा, राधेश्याम यादव, सोनी ताऊ, गंगा शरण यादव, दीपक गुप्ता, गोविंद शर्मा, प्रमोद तिवारी, सुमन परिहार सुधाकर, उमा, अशोक, विकास सक्सेना, राम लखन शास्त्री, पुष्पा मीना, वीके जौहरी, राम मुरारी लाल शर्मा आदि मौजूद रहे।



कथा वाचक का तिलक करते पूर्व राज्यमंत्री शिव बहादुर सक्सेना। • अमृत विचार

# खौद चौराहे पर घंटों लगा जाम, लोग होते रहे परेशान

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार:** अजीमनगर थाना क्षेत्र खौद चौराहे पर ईद के दूसरे दिन रविवार को करीब तीन घंटे तक लंबा जाम रहा।

इस दौरान लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम के कारण से धीरे धीरे करके वाहनों की दोनों ओर लंबी लाइनें लग गई। जिसके कारण वाहन जाम में फंस गए।

सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। सड़क किनारे खड़े वाहनों को किसी तरह से वहां से हटवाकर उन वाहनों को एक किनारे लगवाया। उसके बाद वाहनों की आवाजाही शुरू हो सकी।



खौद चौराहे पर घंटों लगे जाम में फंसे वाहन। • अमृत विचार

# भ्रष्टाचार व उत्पीड़न पर होगा आंदोलन

- भाकियू टिकैत ने टांडा में मनाया ईद मिलन समारोह
- प्रशासन से भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा तहसील टांडा में रविवार को ईद मिलन कार्यक्रम किया गया। किसानों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। भाकियू के नगर अध्यक्ष मजहर लाला के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि पश्चिम उप्र प्रदेश सचिव सरदार मनजीत सिंह अटवाल रहे।जिनका किसानों ने जोरदार स्वागत किया।

वक्ताओं ने कहा कि पुलिस द्वारा किसानों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तहसील में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं हो रहा है, भ्रष्टाचार चरम पर है। प्रशासन से अपील की कि भ्रष्ट अधिकारियों-कर्मचारियों पर जल्द कार्रवाई की जाए। यदि कालाबाजारी और किसानों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ, तो संगठन आंदोलन करने को मजबूर होगा। पंचायत में हाल ही में हुई बारिश, आंधी-तूफान और ओलावृष्टि से फसलों को हुए भारी नुकसान पर भी गहरी चिंता जताई गई। सर्वे करवाकर किसानों को उचित मुआवजा दिलाए। समापन पर सरदार मनजीत सिंह अटवाल ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती का पाठ पढ़ाया। इस दौरान अवतार सिंह ,मंगल सिंह, सुखविंदर सिंह हुंदल , कुलदीप सिंह, बलजीत सिंह बाजवा, गुरमुख सिंह, पृथ्वीपाल सिंह, कमरुद्दीन गुरप्रीत अटवाल आदि रहे।



टांडा में भाकियू टिकैत की बैठक में मौजूद किसान। • अमृत विचार

# शासन द्वारा नामित सभासद मुकेश आर्य का स्वागत



आर्य समाज मंदिर में नामित सदस्य का स्वागत करते कार्यकारिणी के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शासन द्वारा आर्य समाज के प्रधान मुकेश आर्य को नगर पालिका परिषद का सभासद नामित किया गया है। सभासद नामित होने पर आर्य समाज की कार्यकारिणी ने पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। रविवार को प्रातः आर्य समाज मंदिर में हवन एवं सत्संग हुआ। मुकेश आर्य ने कहा कि सड़क पानी और सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं को पूरे समाज को उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। इस दौरान कमल आर्य, सुभाष रस्तोगी, योगेश आर्य, गिरीश गुप्ता, मंत्री मनोज आर्य, राजीव रस्तोगी, संजय आर्य, प्रवीन आर्य, नवीन आर्य, निखिल आर्य, राजीव आर्य, चंदन रस्तोगी, राजेंद्र आर्य, प्रसिद्ध रस्तोगी, शास्त्री पंडित शिव प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# शाह विलायत साहब का सालाना उर्स शुरू



मजार शरीफ में परचम कुशाई के मौके पर नात पेश करते नातख्वां। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सैंजनी नानकार स्थित हजरत शाह विलायत साहब के सालाना उर्स का रविवार को परचम कुशाई के साथ आगाज हो गया। इस मौके पर नातख्वानों ने नबी ए करीम की शान में नातख्वानी की और मुल्को कौम की तरक्की के लिए मौलाना फारूख हसन ने दुआ कराई। मजार शरीफ में अकीदमंदों ने चादरपोशी कर दुआ मांगी।

सालाना उर्स के मौके पर मजार शरीफ को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया है। मजार शरीफ के आसपास मेला भी लगा है। मेले में बच्चों के लिए झूले और महिलाओं के लिए घरेलू सामान और बिसातखाने की दुकानें लगी हैं। अस्र की नमाज के बाद मजार शरीफ के सज्जादानशीं सैयद शाह नासिर मियां की सरपरस्ती में परचम कुशाई हुई। इसके बाद सालाना उर्स का आगाज हो गया। मजार शरीफ में अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर दुआ मांगी। इससे पहले मोहम्मद सलीम ने नात पेश की। इस मौके पर सभी अकीदतमंदों की गुलपोशी की गई। परचम कुशाई में काफी तादाद में अकीदतमंद मौजूद रहे।

## रामनवमी पर निकाली जाएगी मां दुर्गा की ज्योति यात्रा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** पंचायती दुर्गा भवानी मंदिर के महंत रविराज स्वरूप भटनागर ने कहा कि 27 मार्च को रामनवमी के मौके पर नगर में मां की ज्योति यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। नगर के मोहल्ला डाम कॉलोनी स्थित पंचायती दुर्गा भवानी मंदिर के महंत ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पर नगर में मां दुर्गा जी की ज्योति की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न होगी। इसके पश्चात मंदिर परिसर में हवन, भंडारा तथा रात्रि में माता रानी का जागरण होगा। जिसके लिए मंदिर परिसर में तैयारी की जा रही है।

# ईद मेले में बच्चों ने की मस्ती और खरीदे खिलौने



ईद मेले में घूमते बच्चे और बड़े। • अमृत विचार

- शहर में कोतवाली के निकट पुरानी फ्रूट मंडी में लगा मेला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर कोतवाली के निकट पुरानी फ्रूट मंडी मं लगे ईद के मेले में बच्चों ने झूलों पर खूब मौज-मस्ती की। ईद के दूसरे दिन ईद मेले में किसी ने बंदूक तो किसी ने रेलगाड़ी खरीदी। गुब्बारों पर भी खूब निशाने लगाए। मेले में दही बड़े, चाट, पकौड़ी के अलावा गन्ने का जूस और नीबू का शर्बत पिया।

शनिवार को ईद के दिन बच्चे और बड़े मेहमानदारी में उलझे रहे। रविवार को बच्चों और बड़ों ने ईद मेले का रुख किया। हालांकि, शनिवार को भी ईद की नमाज के बाद बच्चों ने मेले में पहुंचकर ट्रेन, झूलें और गुब्बारों पर निशाना लगाया था। ईद मेले में बच्चों के खेल खिलौनों के अलावा महिलाओं के लिए बिसातखाने और चूड़ियों की दुकानें भी लगी हैं। ईद मेले में महिलाओं ने रंग-बिरंगी चूड़ियों के अलावा कंगन, बिंदी, हार और झुमकों की खूब खरीदारी की। दुकानदार मनोज कुमार ने बताया कि ईद के मेले में अच्छा कारोबार हुआ है। बच्चों ने झूलों पर खूब मस्ती की घूमने वाले झूलों के अलावा कई तरह के झूले लगे हैं बच्चों ने झूला झूला। आलू की टिक्की,गोल गप्पे, दही फुल्कियों का जायका लिया।

पर्व | जिले भर के मंदिरों में हुई गणेश वंदना, दुर्गा चालीसा और भजन कीर्तन

# चैत्र नवरात्र : पीले फूलों से की गई मां कूष्मांडा की आराधना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के मुख्य बाजार मिस्टन गंज स्थित शक्ति दरबार में रविवार को चैत्र नवरात्र पर पीले वस्त्र और पीले फूल से चौथी देवी कूष्मांडा की आराधना की गई। पूजा अर्चना करते हुए यज्ञ में आहुतियां देकर सैकड़ों लोगों ने सप्तशती पाठ कवच पाठ किया। जिले भर के मंदिरों में गणेश वंदना, दुर्गा चालीसा पाठ और भजन कीर्तन हुआ।

पंडित विश्वनाथ मिश्रा ने मंदिर में यज्ञ कराया। कहा कि ब्रह्मांड की रचना कराने वाली मां ऊर्जा स्वास्थ्य प्रदान करने वाली है। अपने भक्तों को दर्शन देते हुए महान आनंद की कृपा रखने वाली मां आदि शक्ति कूष्मांडा की पूजा करने से मन की मुरादें पूरी होती हैं। भक्तों ने महा आरती में खूब जयकारे लगाए। इसके बाद फल, मीठा, मिश्री, गोला का प्रसाद ग्रहण किया। पूजा अर्चना, भजन कीर्तन, आरती में महिला आयोग की सुनीता सैनी, सोमपाल, श्रुति जिंदल, अन्नू मिश्रा, प्रतीक जिंदल, प्रदीप, विनीत लाला, दिनेश, सुरेश रैना, राधा, सुधा, राजू ,राजेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल, पंडित सत्यम शर्मा, विश्वनाथ शर्मा, नीरज, राम भरोसे लाल यादव, तिलक राज वासन, सुखदेव मिश्रा, हरि बाबू गुप्ता, मुकेश कुमार रावत आदि शामिल रहे।

**भक्तों ने उपवास रखकर गाए मातारानी के छंद:** चैत्र नवरात्र के चौथे दिन क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा दुर्गा मां के चौथे स्वरुप कूष्मांडा की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने परिवार की कुशलता के लिए कामना की। रविवार को श्रद्धालुओं द्वारा नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा जी के चौथे स्वरूप कूष्मांडा की आराधना की। साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा माता का भव्य श्रृंगार किया गया। इसके अलावा नगर के मोहल्ला डाम कालोनी स्थित मां दुर्गा पंचायती राज भवानी मंदिर, माता महाकाली मंदिर, श्री सनातन धर्म मंदिर, श्री माता पीतांबरा देवी मंदिर, मोहल्ला कायस्थान स्थित मढ़ी वाला मंदिर, माता मनोरमा मंदिर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, रामपुर रोड पर शिव मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की गई। मोहल्ला डाम कालोनी में मां दुर्गा पंचायती राज भवानी मंदिर में मंदिर के पुजारी सरोज मिश्रा द्वारा नवरात्र के चलते वह दुर्गा सप्तसती का पाठ किया गया। शाम को महिलाओं ने मंदिरों में छंद गाए।



हवन में आहुति देते भक्त। • अमृत विचार



मिस्टन गंज स्थित शक्ति दरबार में भजन कीर्तन करते भक्त। • अमृत विचार

### शिव शक्ति पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजन

**मिलक, अमृत विचार :** तहसील मिलक स्थित शिव शक्ति पंचमुखी हनुमान मंदिर में रविवार को नवरात्रि के चतुर्थ दिन श्रद्धालुओं ने मां कूष्मांडा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और मंदिर परिसर में भव्य यज्ञ हुआ। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे परिसर में मां के जयकारों की गूंज वातावरण में गूंजती रही। मंदिर में यज्ञ पंडित प्रशांत मिश्रा और पंडित आशीष मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया। इस अवसर पर रामचंद्र अग्रवाल, आनंदपाल सिंह चौहान, जगदीश चंद्र सक्सेना व उनकी धर्मपत्नी, अधिवक्ता जतिन सक्सेना, प्रीति सक्सेना, डॉक्टर विकास बंसल, मधु बंसल, निष्ठा बंसल, नैमिष बंसल, नित्या बंसल, बंटू यादव मौजूद रहे। आयोजक योगेश बंसल ने बताया कि राम नवमी पर हवन होगा।



### होली और ईद मिलन समारोह में दिया भाईचारे का संदेश

**शाहबाद,अमृत विचार :** होली के पावन अवसर पर क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन और कोतवाल प्रदीप कुमार ने पत्रकारों के साथ फूलों की होली खेलकर सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। वहीं, गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। दोनों त्योहार एक साथ मनाए गए तो माहौल खुशनुमा हो गया। ईद के साथ रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू और हंसी-ठिठोली से माहौल सराबोर रहा। कार्यक्रम में अधिकारियों ने पत्रकारों को गुलाल और फूलों से रंगते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। पत्रकारों ने भी अधिकारियों को रंग लगाकर खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग प्रतिनिधि व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष मुकेश चन्द गुप्ता के साथ महामंत्री जुबैर खां उर्फ गोरे खां एवं समाज सेवी ग्रीश कुमार पाठक ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर रंग जमा दिया। इस मौके पर पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आफताब बेग, सिफत मियां, राजीव भटनागर, एहसान खां आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक को घेरकर बेरहमी से पीटा

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में सरेराह एक युवक की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना नगर के एक सिनेमा हॉल के निकट की बताई जा रही है, जहां कुछ युवकों ने एक युवक को घेरकर थप्पड़ों और लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा। वीडियो में साफ दिख रहा है कि पीड़ित युवक खुद को बचाने की कोशिश करता रहा, लेकिन हमलावर उस पर लगातार हमला करते रहे।। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस सक्रिय हो गई है। कस्बा इंचार्ज राम प्रकाश सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों की पहचान की जा रही है।

### बालक के साथ किया कुकर्म, रिपोर्ट दर्ज

**मंडी धनौरा/बछरायूं, अमृत विचार :** नगर के एक मोहल्ले में 11 वर्षीय मासूम बच्चे के साथ कुकर्म का मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 19 मार्च की सुबह उनका 11 वर्षीय पुत्र मोहल्ले में खेल रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला युवक वहां आया और 50 रुपये का लालच देकर पास के एक बाग में ले गया, वहां कुकर्म किया। थाना प्रभारी कुलदीप तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### गंगा में मिला वृद्धा का शव, शिनाख्त नहीं

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में गंगा नदी में एक वृद्ध महिला का शव मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को नदी से निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार की दोपहर को हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा गुर्जर के सामने गंगा नदी में खेतों पर काम कर रहे ग्रामीणों को गंगा नदी में एक शव दिखाई दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मेहनत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला। मृतक महिला की उम्र लगभग 55 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों की मदद से शव की शिनाख्त करने का काफी प्रयास किया लेकिन कोई पहचान नहीं हो पाई। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि शव काफी समय पानी में रहने के कारण गल चुका है पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# जाम में फंसा रहता है शहर, जूझते हैं लोग

## टीपी चौराहे से लेकर बिजनौर मार्ग व बाजार में जाम से रोजाना हालत खराब, जिम्मेदारों को नहीं परवाह

- व्यापारियों ने उठाई सख्त कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** शहर के प्रमुख मार्गों पर लगातार लग रहे जाम ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। बिजनौर रोड, टीपी नगर चौराहे से लेकर चौधरी चरण सिंह चौक और मेन मार्किट से बड़े बाजार तक सड़कों पर रोजाना लगने वाले जाम से लोग घंटों जूझने को मजबूर हैं।

बिजनौर मार्ग पर स्थिति सबसे ज्यादा गंभीर बनी हुई है। यहां सड़क किनारे ठेले-खोमचे, दुकानों के बाहर अतिक्रमण और अव्यवस्थित बाजार के कारण अक्सर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। खासकर शाह विलायत दरगाह के पास बाजार लगने के दौरान हालात और बिगड़ जाते हैं, जहां लोगों को घंटों जाम में फंसा रहना पड़ता है। इसके अलावा टीपी नगर चौराहे से लेकर चौधरी चरण सिंह चौक तक रोजाना घंटो घंटों जाम लगा रहता। वाहन रेंग रेंगकर चलते है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। सड़क संकरी होने के कारण थोड़ी सी अव्यवस्था भी बड़े जाम का रूप ले लेती है। व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अतिक्रमण हटाने, ठेला संचालकों के लिए वैकल्पिक स्थान निर्धारित करने, प्रमुख चौराहों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती बढ़ाने और भारी वाहनों को बाइपास मार्ग से गुजारने की मांग की है। साथ ही, बिजनौर रोड पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग भी उठाई गई है, जिससे यातायात का दबाव कम किया जा सके।



शहर के मुख्य बाजार में लगा जाम, बेतरतीब तरीके से रहे ई रिक्शा।

> जाम की समस्या को गंभीरता से लिया गया है और इस संबंध में नगर पालिका की टीम के साथ मिलकर जल्द ही संयुक्त अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा और अवैध पार्किंग पर कार्रवाई की जाएगी। ई-रिक्शा और ऑटो के लिए अलग स्थान निर्धारित करने की योजना भी बनाई जा रही है।
>
> – **राजेंद्र सिंह**, यातायात निरीक्षक

### जाम का सबसे बड़ा कारण ई-रिक्शा

शहर में तेजी से बढ़ रही ई-रिक्शा की संख्या भी यातायात व्यवस्था को बिगाड़ रही है। बिना निर्धारित रूट के ई-रिक्शा चालकों द्वारा कहीं से भी बाजार में प्रवेश करने के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। व्यापारियों ने ई-रिक्शा के लिए तय रूट और संख्या निर्धारित करने की मांग की है। साथ ही दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटाने की जरूरत बताई। वहीं यदि ई-रिक्शा और ऑटो के लिए अलग स्थान निर्धारित तय कर दिए जाएं तो मुख्य मार्गों पर भीड़ कम की जा सकती है।

### बाजार क्षेत्र में भी हालात खराब

शहर के मेन मार्किट कोट चौराहा से लेकर बड़े बाजार व मोहल्ला जट बाजार तक का मार्ग भी जाम की समस्या से जूझ रहा है। सुबह और शाम के समय यहां भीड़ बढ़ने पर स्थिति और भी खराब हो जाती है। सड़क किनारे अवैध पार्किंग, ठेले-खोमचे और ऑटो-ई-रिक्शा का अनियंत्रित संचालन, दुकानों के बाहर अतिक्रमण जाम का मुख्य कारण बना हुआ है।

### व्यापारियों ने कहा

व्यापारी कुंवर विनीत अग्रवाल ने कहा कि ई-रिक्शा के लिए निश्चित रूट तय किए जाने चाहिए। अभी कोई भी चालक कहीं से भी बाजार में घुस जाता है, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। व्यापारी प्रणीत आर्य ने बताया कि बिजनौर मार्ग पर दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर अतिक्रमण कर रखा है, जिससे सड़क संकरी हो गई हैं और जाम लगना आम बात हो गई है। प्रशासन को इसे गंभीरता से लेकर कार्रवाई करनी चाहिए।

# प्रदूषण के खिलाफ भाकियू का धरना जारी, फूंका पुतला



पुतला फूंकते किसान। ● अमृत विचार

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन 92वें दिन रविवार को भी क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में जारी रहा। इस दौरान उन्होंने जुबिलेंट फैक्ट्री का पुतला फूंककर विरोध जताया।

संगठन के अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि गजरौला क्षेत्र में पानी जहरीला होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। किसानों को जहरीला पानी पीने के लिए मजबूर किया जा रहा है। क्षेत्र के किसानों ने रविवार को धरना स्थल पर आक्रोशित होकर फैक्ट्री का पुतला फूंककर विरोध किया। महिपाल सिंह ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि 29 मार्च को जुबिलेंट फैक्ट्री के सामने एक महापंचायत बुलाई जाएगी। इस दौरान भूखन सिंह, कलुआ सिंह, गंगाराम सिंह, होमपाल सिंह, हाजी नन्नू सैफी, पृथ्वी सिंह, सुखराम सिंह, समर पाल सिंह, ओम प्रकाश सिंह, आलम चौधरी, मुनीश सलमानी अंकित सिंह आदि किसान लोग मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा चालक लापता पुल के पास मिला सामान

- पुलिस जता रही जमीन के विवाद की आशंका

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** देहात थाना क्षेत्र में शनिवार शाम एक ई-रिक्शा चालक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। ई-रिक्शा नदी के पुल के पास लावारिस हालत में मिला। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के फूलपुर अदलपुर निवासी हरगोविंद शनिवार शाम करीब आठ बजे लापता हो गए। उनका ई-रिक्शा कैलसा-नन्हेड़ा मार्ग पर नदी के पुल के पास खड़ा मिला। घटनास्थल पर हरगोविंद का मोबाइल फोन और चप्पल भी पड़े मिले, जिससे मामला और अधिक संदिग्ध हो गया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया और प्रभारी निरीक्षक शोकेंद्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर आवश्यक जानकारी जुटाई। साथ ही, क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। देर रात तक जंगलों और नदी किनारे सघन तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन लापता चालक का कोई सुराग नहीं लग सका। प्रभारी निरीक्षक शौकेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। पुलिस टीम पूरी गंभीरता के साथ मामले की जांच में जुटी है। आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है और सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया जमीनी विवाद से जुड़ा मामला लग रहा है। लापता चालक को सकुशल बरामद किया जाएगा।

# नारी शक्ति संगठन ने स्टेशनरी का किया वितरण

**हसनपुर, अमृत विचार:** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर नारी शक्ति संगठन के द्वारा नगर स्थित शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर पर रविवार को उपहार एवं स्टेशनरी बच्चों को वितरण किया गया।

इसी के साथ संगठन के द्वारा जरूरतमंद लड़कियों की शादी के लिए सहयोग रूप में आर्थिक सहायता एवं कुछ उपहार दिए गए। इसके बाद संगठन की पदाधिकारी द्वारा मंदिर प्रांगण में माता रानी के भजन गए और नृत्य किया। संगठन की अध्यक्ष शैली अग्रवाल ने बताया कि संगठन समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद करता रहता है। इस मौके पर अध्यक्ष शैली अग्रवाल, शेफाली अग्रवाल, सीमा, दीपक, अंजना, पारुल, निर्मला, प्रीति, रचना, स्वाति, बबीता, पूनम, नेहा, रितु आदि मौजूद रहीं।

# माता रानी की आराधना में दिन भर डूबे रहे श्रद्धालु



हसनपुर में मां चामुंडा मंदिर पर पूजा अर्चना करतीं महिलाएं।



भजन कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- नवरात्र के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा अर्चना की गई

अमरोहा/हसनपुर

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र के पावन पर्व के तहत रविवार को चौथे दिन श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप मां कुष्मांडा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मां से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।

नवरात्र के चौथे दिन शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में तड़के से ही पूजा-पाठ का दौर शुरू हो गया। महिलाओं ने मंदिरों में एकत्र होकर भजन-कीर्तन गाए, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। हवन-पूजन भी आयोजित किया गया। मंदिरों में भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में उत्साह देखने को मिला। शहर की आवास विकास कॉलोनी में महिलाओं भजन कीर्तन किया।

हसनपुर में रविवार को नगर स्थित शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर पर भक्तों ने पहुंच कर देवी मंडल की चौथी आराध्य देवी मां कुष्मांडा की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सच्चे मन से की गई पूजा से जीवन की परेशानियां दूर होती हैं और रुके हुए कार्य पूरे होने लगते हैं। मां की कृपा से सुख-समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मां कूष्मांडा को प्रसन्न करने के लिए इस खास दिन पर उनकी विधिपूर्वक पूजा करें, साथ ही उनकी कथा और आरती का पाठ भी करें।

मंडी धनौरा। सुबह से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी। प्राचीन नवदुर्गा मंदिर परिसर में भक्तों की खासी भीड़ देखने को मिली, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना की। मंदिरों के साथ-साथ घर-घर में भी श्रद्धालु विधि-विधान से पूजा कर रहे हैं। दुर्गा सप्तशती, दुर्गा चालीसा और आरती पाठ के माध्यम से भक्त मां की आराधना में लीन नजर आए। नवदुर्गा मंदिर के पुजारी हरिओम त्रिवेदी ने बताया कि नवरात्र के चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा करने से भक्तों के जीवन में ऊर्जा, सकारात्मकता और सुख-समृद्धि का संचार होता है। उन्होंने कहा कि मां कूष्मांडा ही सृष्टि की आदि शक्ति हैं, जिनकी कृपा से जीवन में उजाला और उन्नति आती है।

# गोवंश को दें पर्याप्त पोषक आहार

- नगर पालिका के अधिशायी अधिकारी ने गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण कर दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



गोशाला कर्मचारियों को निर्देशित करते ईओ डॉ. बृजेश कुमार सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद की ओर से संचालित अस्थायी गौवंश आश्रय स्थल (गौशाला) का रविवार को ईओ/उप नगरायुक्त डॉ. बृजेश कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कांठ रोड स्थित अहमद नगर क्षेत्र में संचालित इस गौशाला में वर्तमान में 185 गौवंश संरक्षित हैं। रविवार को ईओ डॉ बृजेश कुमार सिंह के निरीक्षण के दौरान केयरटेकर, सफाई कर्मचारी और सुपरवाइजर ड्यूटी पर मौजूद मिले। गौवंश के लिए भूसा, हरा चारा और चोकर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाया गया, जबकि साफ-सफाई की व्यवस्था भी संतोषजनक रही। सभी पशु स्वस्थ पाए गए और पशुपालन विभाग की ओर से उपलब्ध कराई जा रही दवाएं भी पर्याप्त मात्रा में मौजूद थीं। उप नगरायुक्त ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुरूप गौशाला में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। संचालन के लिए पर्याप्त स्टाफ तैनात है और कार्यालय स्तर से निगरानी के लिए अलग से ड्यूटी लगाई गई है।

उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद की सभी गौशालाओं को सीसीटीवी कैमरों से जोड़कर विकास भवन में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिससे निरंतर निगरानी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि ड्यूटी पर आने और जाने के समय सीसीटीवी कैमरों के सामने उपस्थिति दर्ज कराएं, साथ ही उपस्थिति पंजिका में भी अंकित करें। गर्मी को देखते हुए निर्देश दिए गए कि गोवंश को नियमित अंतराल पर नहलाया जाए और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पोषक आहार उपलब्ध कराया जाए। लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर असद जमाल, प्रज्ज्वल चौहान, हबीब अहमद, गौरव वर्मा समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# तेंदुए ने किसान के पालतू कुत्ते को बनाया शिकार

- खादर में दहशत में ग्रामीण, वन विभाग से कार्रवाई की मांग

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार:** खादर क्षेत्र में तेंदुए की बढ़ती सक्रियता ने ग्रामीणों की चिंता और भय को चरम पर पहुंचा दिया है। झुंडपुरा गांव में तेंदुआ एक किसान के घर में घुस गया और उसके पालतू कुत्ते को अपना शिकार बना ले गया। इस घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है ।

झुंडपुरा गांव में गुरुद्वारे के पास रहने वाले किसान गुरदीप सिंह मान के घर पर शनिवार देर रात तेंदुए ने हमला किया। सुबह जब परिजनों ने कुत्ते को नहीं देखा तो उसकी तलाश शुरू की गई। काफी खोजबीन के बाद घर से कुछ दूरी पर गेहूं के खेत में कुत्ते के अवशेष मिले, जिससे स्पष्ट हुआ कि तेंदुआ उसे उठा ले गया था। इससे पहले 17 जनवरी को भी किसान कश्मीर सिंह के कुत्ते को तेंदुआ अपना शिकार बना चुका है। गांव निवासी राजा सिंह, करमजीत सिंह पोला सहित अन्य लोगों का कहना है कि अब वे खेतों में अकेले जाने से डरते हैं। बच्चों को स्कूल भेजने में भी परिजन हिचकिचा रहे हैं। तेंदुआ अब रिहायशी इलाकों के बेहद करीब पहुंच चुका है। जिससे किसी बड़ी जनहानि की आशंका बनी हुई है। धनौरा रेंज के रेंजर अवनीश कुमार ने वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा था। वन दरोगा और वन सिपाहियों को क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने के निर्देश दिए गए।

# सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर होंगे कार्यक्रम

- 23 से 26 मार्च तक कार्यक्रमों की तैयारी में जुटा प्रशासन
- जिले के विभिन्न विकास खंडों में आयोजित होंगे कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में 23 से 26 मार्च तक विभिन्न विकास खंडों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं और नोडल व सह-नोडल अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है।

डीएम निधि गुप्ता वत्स ने बताया कि मुख्य सचिव के निर्देश पर प्रदेश मुख्यालय के साथ ही सभी जनपदों में यह आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जिले के अलग-अलग विकास खंड परिसरों में कार्यक्रम होंगे, जिनमें जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रहेगी। 23 मार्च को नगर पंचायत नौगावां सादात में कार्यक्रम आयोजित होगा। यहां परियोजना निदेशक, डीआरडीए को नोडल अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को सह-नोडल बनाया गया है। 24 मार्च को विकास खंड हसनपुर में जिला कृषि अधिकारी को नोडल और अन्य विभागीय अधिकारियों को सह-नोडल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में 25 मार्च को विकास खंड धनौरा में उप निदेशक कृषि को नोडल अधिकारी नामित किया गया है, जबकि 26 मार्च को गजरौला और गंगेश्वरी विकास खंडों में भी कार्यक्रम होंगे। यहां खंड विकास अधिकारियों को नोडल और अन्य अधिकारियों को सह-नोडल की जिम्मेदारी दी गई है।

कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों व अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। साथ ही सरकार की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाबी या स्वीकृति पत्र, शौचालय निर्माण, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, दिव्यांगजन को ट्राई साइकिल और स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक सहायता वितरित की जाएगी। इसके अलावा जिला उद्योग विभाग की ओर से किट वितरण और मिनी नंदनी योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी दिए जाएंगे। कार्यक्रमों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी, जिनकी जिम्मेदारी खंड शिक्षा अधिकारियों को सौंपी गई है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करें और सौंपे गए दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें, ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सकें।

# दहेज के लिए गर्भवती को तीन तलाक, रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार:** नौगावां सादात के गांव चंद्रकुटी की मढैा में दहेज के लिए गर्भवती को तीन तलाक देने में पति समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

सोनम परवीन ने बताया कि उसकी शादी वाजिद खान के साथ हुई । पति, सास और ससुर कार और पांच लाख रुपये की मांग कर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। पति ने उसके साथ मारपीट की और तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति वाजिद खान सहित तीन लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बच्ची को कार ने कुचला, मौत

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार:** सड़क पार कर रही बच्ची को कार ने कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

क्षेत्र के कसेरुआ गांव निवासी सात साल की मायरा पुत्री बाबर अली घासीपुरा में अपने मौसा रियासत के घर गई थी। रविवार की दोपहर वह घासीपुरा में दूसरे घर जाने के लिए सड़क पार कर रही थी। बताते हैं कि तेज रफ्तार कार ने छात्रा को कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई।

लोगों को जमा होते देख चालक कार लेकर फरार हो गया। सूचना मिलने पर छात्रा के परिवार वाले भी घासीपुरा पहुंच गए। छात्रा को सीएचसी ले जाया गया वहां चिकित्सक ने भी मृत घोषित कर दिया। दरोगा जोगिंदर सिंह ने बताया कि मामले में छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कार की टक्कर से दो बाइक सवार गंभीर घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** सैदनगली थाना क्षेत्र के संभल मार्ग पर एक पेट्रोल पंप के सामने रविवार की शाम एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने बाइक सवार दो दोस्तों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव ढक्का निवासी बिलाल पुत्र मुस्लिम हसन व उसका दोस्त समीर पुत्र हसीन संभल में अपनी बहन के यहां रिश्तेदारी से घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक सैदनगली क्षेत्र में संभल मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही एक अनियंत्रित कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को तत्काल नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने दोनों युवकों की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां दोनों के परिजन दोनों घायल लोगों को मुरादाबाद ले गए। सूचना के आधार पर घटना स्तर पर पहुंचे पुलिस में दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। फिलहाल अभी कोई कानून कार्यवाही नहीं की गई है।

# दंपति को मारपीट कर किया घायल रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार:** दंपति को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के शीशोंवाली गांव निवासी डालचंद व नरेश के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा चल रहा है। मंगलवार को भी दोनों गुटों में विवाद हो गया। आरोप है कि नरेश अपने साथियों के साथ मिलकर डालचंद के घर में घुस गया व उसे व उसकी पत्नी अनीता घायल हो गए। दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। एसएसआई अभिलाष प्रधान ने बताया कि इस मामले में नरेश, जयचंद, नरेंद्र, कोशिंद्र, महेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान शुरू

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** नगर मंडल स्वार के अंतर्गत शिशु मंदिर छपरा रुस्तम नगर में रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का दो दिवसीय आयोजन शुरू हुआ। उद्घाटन जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि मोहनलाल सैनी ने किया।

प्रथम सत्र में प्रमोद आहूजा ने अपने विचार व्यक्त किए। वहीं तीसरे सत्र में नगर पालिका बिलासपुर के अध्यक्ष चित्रक मित्तल ने पार्टी की सामाजिक नीतियों पर विस्तार से जानकारी दी। चौथे सत्र में पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने पार्टी की नीतियों पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही प्रथम दिन के प्रशिक्षण सत्र का समापन घोषित किया गया। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष मोहनलाल सैनी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया। इनमें राजेश कुमार शर्मा, राजीव वर्मा, मनीष सैनी, उषा सागर नगर पालिका स्वार तथा नरपतनगर से सभासद उदयवीर, शैलेंद्र चंद्र और उमेश सागर शामिल रहे। साथ ही नवनिर्वाचित जिला महामंत्री जगतपाल का भी नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर द्वारा माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर, नगर मंडल महामंत्री अमित कुमार सक्सेना, पूर्व जिला मंत्री महेंद्र सैनी, पंकज सैनी, किशन लाल चंद्रा, राजीव वर्मा, हरीश मौर्य, रिंकू सैनी, हरि सिंह, मदन सिंह, रामचंद्र प्रधान सहित सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**डिलारी अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव करनपुर में पत्नी से नाराज होकर युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी करने की कोशिश की।

गांव निवासी युवक मोनू की शादी पड़ोसी गांव निवासी युवती के साथ हुई थी। दोनों में आये दिन झगड़ा होता रहता था। रविवार की दोपहर दंपति में झगड़ा हो गया। इसके बाद मोनू ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। युवक की हालत बिगड़ने लगी तो उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। थाना अध्यक्ष डिलारी कृष्ण कुमार भंगेला ने बताया कि थाने में कोई शिकायत नहीं आई है।

अमृत विचार

मुरादाबाद, सोमवार,23 मार्च 2026



## न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं को सीयूजी नंबरों की दी जानकारी

**चंदौसी, अमृत विचार :** सरकार द्वारा मिशन शक्ति योजना के तहत कुढ फतेहगढ़ स्थित मां दुर्गा मंदिरों पर पुलिस द्वारा सीयूजी नंबरों की जानकारी दी गई। बताया गया कि महिला संबंधी किसी भी समस्या की जानकारी इन नंबरों पर दी जा सकती है । मिशन शक्ति प्रभारी आकाश कुमार यादव, महिला कांस्टेबल अंजली शर्मा ने बताया कि घरेलू हिंसा छेड़छाड़ या अन्य कोई समस्या होने पर महिलाएं व युवतियां इस नंबर पर पुलिस को सूचित कर सकती हैं।

### असमोली चीनी मिल का पेराई सत्र खत्म

**असमोली,अमृत विचार :** असमोली चीनी मिल का पेराई सत्र समाप्त हो गया। मिल प्रशासन के अनुसार कुल 133 दिनों तक संचालन करते हुए लगभग 113 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की गई। मुख्य महाप्रबंधक गन्ना प्रवीण सिंह ने बताया कि सभी किसानों का गन्ना लेने के लिए मिल बंदी को करीब छह घंटे तक स्थगित रखा गया और पूरी आपूर्ति के बाद ही मिल का संचालन बंद किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश मिश्रा और उपाध्यक्ष अभय कुमार यादव ने आभार जताया।

# फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

## लैपटॉप, प्रिंटर, स्कैनर, फिंगरप्रिंट स्कैनर ,तीन मोबाइल सहित तमाम उपकरण बरामद

**कार्यालय संवाददाता,संभल**



आरोपियों की जानकारी देते एएसपी कुलदीप सिंह व सीओ डा . प्रदीप कुमार।

**अमृत विचार :** बहजोई थाना क्षेत्र में पुलिस ने फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर दो मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग बिना अधिकृत अनुमति के आधार कार्ड बना रहे हैं और उनमें संशोधन कर रहे हैं। पुलिस टीम गठित की गई और दो अलग-अलग स्थानों पर एक साथ दबिश दी गई। छापेमारी के दौरान एक स्थान से दो और दूसरे स्थान से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी किसी अधिकृत आधार सेवा केंद्र से जुड़े नहीं थे, बल्कि उन्होंने एक अधिकृत सेंटर की आईडी को हैक कर लिया था। इसी हैक्ड आईडी के माध्यम से ये लोग अज्ञात स्थानों पर बैठकर ऑनलाइन आधार कार्ड बनाने और उनमें बदलाव करने का काम कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो लैपटॉप, प्रिंटर, आइरिस स्कैनर, थंब स्कैनर, तीन मोबाइल फोन सहित कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। इसके अलावा तीन फर्जी आधार कार्ड और आठ संबंधित दस्तावेज भी मिले हैं। जांच में यह भी सामने आया कि कई दस्तावेजों में जन्मतिथि केवल वर्ष के रूप में दर्ज की गई थी, जिससे उनकी सत्यता पर

**• एक अधिकृत सेंटर की आईडी को हैक कर बना रहे आधार कार्ड**

सवाल खड़े हो रहे हैं।

एएसपी ने बताया कि गिरोह के काम करने का तरीका काफी संगठित और शातिराना था। आरोपी तकनीकी जानकारी का दुरुपयोग कर सरकारी पहचान प्रणाली से छेड़छाड़ कर रहे थे। उन्होंने आशंका जताई कि इस गिरोह के तार अन्य जिलों या राज्यों से भी जुड़े हो सकते हैं। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास, उनके बैंक खातों और अवैध कमाई के स्रोतों की भी जांच कर रही है। अधिकारियों का मानना है कि पूछताछ के बाद इस फर्जीवाड़े से जुड़े बड़े गिरोह का पर्दाफाश हो सकता है।

### चार आरोपी अभी फरार

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बहजोई पुलिस ने जसवीर कुमार निवासी ढयोढ़ाई, हरीश ग्राम मनोना थाना बहजोई व बिल्टू ग्राम नंदपुर थाना जुनावई जनपद संभल को गिरफ्तार किया है। जबकि सुरेन्द्र निवासी डुप्टा खुर्द थाना रजपुरा, ईश्वर मेघवाल, सतपाल गनूपुरा थाना जुनावई, जितेंद्र व ओमेन्द्र यादव ग्राम हुसैनपुर थाना जुनावई अभी फरार हैं जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने का काम प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह, एसएसआई नरेंद्र सिंह, महिला दरोगा अर्पणा बंसल की टीम ने किया।

# अक्षय तृतीया पर निकलेगी परशुराम शोभायात्रा

**संभल, अमृत विचार:** भगवान परशुराम प्रकटोत्सव समिति की ओर से अक्षय तृतीया पर आयोजित होने वाले प्रकटोत्सव एवं भव्य शोभायात्रा के निमंत्रण एवं रूपरेखा कार्ड का विमोचन किया गया।

अक्षय तृतीया के दिन शोभायात्रा पातालेश्वर मंदिर, पक्का बाग से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी। शोभायात्रा मुन्नी माता मंदिर, मनोकामना तीर्थ, कल्कि मंदिर और सरथल चौकी होते हुए शंकर कॉलेज पहुंचेगी। इसके अलावा हयातनगर जर्मन मंदिर, पक्का बाग मंदिर, मुन्नी माता मंदिर और चोहट्टा महादेव मंदिर सहित कुल छह कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कमलकांत तिवारी ने की, जबकि संचालन प्रदीप शुक्ला ने किया। शशिभूषण शास्त्री, संजीव सारस्वत, प्रमोद शर्मा, विकेश शर्मा, राजीव भारद्वाज, ज्ञानप्रकाश उपाध्याय, गंगासरन शर्मा और राहुल शर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में विनीत शुक्ला, विनीत शर्मा, मुकेश शर्मा, प्रभाकर शुक्ला, दयाशंकर लाठे, हरित गौड़, विशाल शर्मा व राजकुमार शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सामाजिक समरसता के बिना नहीं बन सकता राष्ट्र सशक्त



बबराला में गोष्ठी आरंभ करते अतिथि। • अमृत विचार

**संवाददाता, बबराला**

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बबराला में आयोजित प्रबुद्ध जन गोष्ठी में समाज निर्माण, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों पर गंभीर मंथन हुआ।

मुख्य वक्ता पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुशील कुमार ने भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के संकल्प को दोहराते हुए 'पंच परिवर्तन' को समाज परिवर्तन का आधार बताया। कहा कि समाज में वास्तविक परिवर्तन व्यवहार से ही संभव है और सामाजिक समरसता के बिना राष्ट्र सशक्त नहीं बन सकता। महापुरुषों को जातिगत आधार पर विभाजित करने की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि सभी महापुरुष पूरे समाज के हैं और उनके विचार सार्वभौमिक हैं। उन्होंने गुरु तेगबहादुर के बलिदान का उल्लेख करते हुए भारतीय समाज की संघर्षशील परंपरा को याद दिलाया। विभाग कार्यवाह छत्रपाल, जिला संघचालक अनिल शास्त्री ने भी संबोधित किया। संचालन जिला कार्यवाह डॉ. राजकुमार वैदिक ने किया। जगदीप वार्ष्णेय, ऋषभ कुमार, जिला प्रचारक दीपक कुमार, टीटू यादव, प्रदीप, मुकेश कुशवाह, हरिगोविंद सिंह, वीरेश कुमार, विपिन, चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय, कविता वार्ष्णेय, राकेश जाटव, चक्रवीर व अन्य उपस्थित रहे।

# अवैध शराब... तोड़फोड़, मारपीट

**• शराब से विपिन की मौत के बाद रविवार को फूट पड़ा लोगों का गुस्सा, मुकदमा दर्ज**

**संवाददाता,चंदौसी**



अवैध शराब को लेकर हंगामा करते लोग। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर के खुर्जा गेट क्षेत्र में रविवार सुबह अवैध शराब को लेकर लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। गुस्साए लोगों ने शराब बेचने का आरोप लगाकर कुछ घरों पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन के साथ ही तोडफोड़ व मारपीट कर दी।

एक दिन पूर्व अवैध शराब पीने से 32 वर्षीय विपिन की मौत हो गई थी। इससे लोगों में गुस्सा है। रविवार सुबह लोग मोहल्ले के ही एक परिवार पर शराब बेचने का आरोप लगाने लगे। सैकड़ों की भीड़ ने कई घरों के बाहर हंगामा कर तोड़फोड़ की। भीड़ ने महिला,उसके बेटे व अन्य लोगों के साथ मारपीट भी की। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने मौके से एक महिला को हिरासत में भी लिया।

रजनी ने 9 नामजद व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं लोगों का कहना है कि मोहल्ले में 10 से अधिक लोग अवैध शराब के धंधे में लिप्त हैं। रजनी पर भी अवैध शराब बेचने का आरोप लगाया।

बताया गया कि विरोध के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के पहुंचने से पहले ही कई आरोपी घरों में ताला लगाकर फरार हो गए। घटना के बाद आक्रोशित लोग कोतवाली पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक को पूरे मामले से अवगत कराया। पुलिस ने जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण का लिया संकल्प

**संभल,अमृत विचार :** विश्व जल दिवस पर गांव गैलुआ में समाजसेवियों की बैठक में लोगों को जल बचाने के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया गया।

रामोतार सिंह ने कहा कि जल जीवन का आधार है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अनावश्यक पानी बहने से रोकें और केवल जरूरत के अनुसार ही जल का उपयोग करें। चौधरी रविराज चाहल ने कहा कि जल संरक्षण के लिए जागरूकता बेहद जरूरी है। महावीर सिंह ने कहा कि जल की कमी भविष्य की बड़ी समस्या बन सकती है। वहीं वीरेंद्र सिंह ने कहा कि घरों में समरसेबल का अनावश्यक उपयोग बंद कर पानी की बचत की जानी चाहिए। इस दौरान रामोतार सिंह, खिलेन्द्र चाहल, पुष्पेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, दुर्गेश सिंह, हेमंद्र सिंह, भोला सिंह, अरविंद सिंह और बंशी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# दुर्घटना के बाद हाईवे पर मचा कोहराम, लगा जाम

**कार्यालय संवाददाता,संभल/धनारी**



हादसे के बाद टेंपो में फंसे घायलों को बाहर निकालती पुलिस। • अमृत विचार



दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कार।

**अमृत विचार:** धनारी थाना क्षेत्र में रविवार शाम मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे पर बेकाबू अर्टिगा कार ने सामने से आ रहे टेंपो में इतनी जोरदार टक्कर मारी कि मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। हादसे के बाद हाईवे पर कोहराम मच गया और जाम लग गया। पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को हटाकर जाम खुलवाया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टेंपो सवारियां लेकर सामान्य गति से जा रहा था, तभी अचानक तेज रफ्तार अर्टिगा कार सामने से आई और टेंपो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो पूरी तरह चकनाचूर हो गया और उसमें बैठे लोग इधर-उधर जा गिरे। कई लोग वाहन में ही फंस गए और खून से लथपथ हालत में मदद के लिए चीखते रहे। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े और पुलिस को सूचना दी। धनारी थाना पुलिस पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने लोगों की मदद से टेंपो में फंसे घायलों को निकालकर अस्पताल भिजवाया।

हादसे के चलते नेशनल हाईवे पर लंबा जाम लग गया। दोनों



मृतक किशोरी।



मृतक राजेश।

ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने पहले क्षतिग्रस्त अर्टिगा को सड़क किनारे कराया, इसके बाद टेंपो को भी हटाया गया। इसके बावजूद यातायात सुचारु करने में पुलिस को करीब एक घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। धीरे-धीरे वाहनों को निकाला गया, तब जाकर आवागमन सामान्य हो सका। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और ओवरटेक के प्रयास को दुर्घटना की वजह माना जा रहा है।

# बिजली, चकबंदी, फसल नुकसान पर भड़के किसान

**कार्यालय संवाददाता,संभल**

**अमृत विचार:** बमनपुरी कला गांव में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की पंचायत का आयोजन जिला उपाध्यक्ष डॉ. जसवीर सिंह के आवास पर किया गया। पंचायत में बिजली व्यवस्था, चकबंदी में अनियमितताओं, राशन वितरण में धांधली और बेमौसम बारिश से फसलों को हुए नुकसान जैसे मुद्दों पर गंभीर मंथन किया गया।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि निर्धारित शेड्यूल के अनुसार आपूर्ति भी नहीं हो रही है। चकबंदी में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की। कहा कि यदि प्रशासन ने समस्याओं की अनदेखी जारी रखी तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। फसलों के नुकसान का सर्वे करा मुआवजा की भी मांग की। इस दौरान 27 मार्च को बेरनी में होने वाली किसान-मजदूर संवाद महापंचायत की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इस महापंचायत में राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के शामिल होने की बात कही गई।अध्यक्षता भूरे सिंह यादव ने की, जबकि संचालन राजपाल सिंह यादव ने किया।

बैठक में चंद्रपाल सिंह, उदयवीर सिंह, राजेश मौर्य, शिवनारायण सिंह, गायत्री यादव, ओमप्रकाश यादव, महेश यादव, देवन सिंह, हरिकिशन, भोजराज सिंह, अभयराम सिंह, लालू यादव, हृदेश, भूपेंद्र सिंह, ब्रजपाल यादव और हीरेंद्र सहित कई किसान मौजूद रहे।

# परिवार संस्था का कमजोर होना चिंताजनक

**कार्यालय संवाददाता,संभल**



शिला दान अनुष्ठान में शामिल विहिप के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक दिनेश। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक दिनेश रविवार को ऐंचोड़ा कंबोह कल्कि धाम पहुंचे। यहां उन्होंने श्री कल्कि धाम के निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया।

कहा कि सनातन का भविष्य भारत के भविष्य से जुड़ा हुआ है। समाज में परिवार संस्था के कमजोर होने पर चिंता जताते हुए कहा कि इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। जनसंख्या संतुलन के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि केवल दूसरों को दोष देने से काम नहीं चलेगा, बल्कि समाज को आत्ममंथन भी करना होगा। उन्होंने कहा कि जैसे अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ, उसी प्रकार सभी के सहयोग से श्री कल्कि धाम का निर्माण भी पूरा किया जाएगा। इस दौरान उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने बताया कि वह धाम के शिलान्यास के साक्षी रहे हैं और इसके निर्माण में हर संभव सहयोग करते रहेंगे। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि भगवान की कृपा से वह सेवा कार्य में निरंतर लगे हुए हैं। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि कल्कि अवतरण स्थली की सेवा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

उपजिलाधिकारी निधि पटेल, तहसीलदार धीरेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष लवनीश कुमार, डा. अरविंद गुप्ता,संजय सांख्यधर,खिलेंद्र सिंह, अशोक यादव, पूर्व प्रमुख सतपाल सिंह, प्रियंका संधू, अशोक कृष्णम, मुनिदेव त्यागी, ओमवीर शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### वैश्य एकता मंच ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया सम्मान



**संभल, अमृत विचार :** वैश्य एकता मंच के तत्वावधान में शनिवार शाम माथुर वैश्य धर्मशाला में सरकार व विभिन्न संगठनों द्वारा नियुक्त वैश्य समाज के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। भाजपा जिला कार्यकारिणी में सौरभ गुप्ता और विपिन गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष, शिल्पी गुप्ता को जिला महामंत्री बनाए जाने पर सम्मानित किया गया। नगर पालिका संभल में नामित सभासद शोभित गुप्ता और सुरेश वार्ष्णेय,विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष आशु गर्ग और हिंदू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी अनंत अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया। मंच के वरिष्ठ सदस्य पवन रस्तोगी एडवोकेट, कुलदीप ऐरन आदि ने सम्मानित किया। अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने भामाशाह और महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा लगाए जाने की मांग उठाई। अध्यक्षता हरि कृष्ण अग्रवाल ने की। सचिन गुप्ता ,मुकेश गुप्ता, प्रशांत रस्तोगी, राजुल गुप्ता, उत्कर्ष गुप्ता, अंकित गुप्ता, पुलकित गुप्ता, अक्षय गुप्ता, सौरभ गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहे। संयोजक संगठन मंत्री संजय गुप्ता रहे।



### सौंधन में निकाली भव्य शोभायात्रा

**सौंधन, अमृत विचार :** नवरात्र के अवसर पर कस्बा सौंधन में रविवार को मां चामुंडा देवी सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मोहल्ला किला, कठा, बेंगरे, मेन बाजार, सदर बाजार और बरसाने मोहल्ला सहित प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कई स्थानों पर पानी, शरबत और प्रसाद की व्यवस्था कर सेवा भाव दिखाया गया। शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण , मां दुर्गा की भव्य झांकियां शामिल रहीं। अघोरी रूप में भोलेनाथ का नृत्य को खूब भाया। घोड़ों का आकर्षक नृत्य और कलाकारों की प्रस्तुतियों ने शोभायात्रा को भव्य बना दिया। विजय कुमार बंसल, प्रेम सिंह यादव, मख्खन, राकेश, दीपक वर्मा, बिट्टू सिंघल, राजपाल यादव, महेंद्र कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



### महिला सुरक्षा के संदेश के साथ निकाली स्कूटी रैली

**संभल, अमृत विचार :** महिला सशक्तिकरण और महिला सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस-प्रशासन ने एक बार फिर पहल की। नवरात्र के चौथे दिन जनपद की महिला पुलिसकर्मियों ने स्कूटी रैली निकालकर महिलाओं को सुरक्षा का एहसास कराया। रैली में महिला पुलिसकर्मियों के साथ बड़ी संख्या में आम महिलाओं ने हिस्सा लिया। रविवार दोपहर को बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मी चौधरी सराय पुलिस चौकी पर इकट्ठा हुईं। स्कूटी रैली को अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह व छात्रा कशिश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से होकर गुजरी, जहां महिलाओं की आवाजाही अधिक रहती है।

### आउटसोर्सिंग सफाई कर्मियों की बहाली की मांग



**चंदौसी,अमृत विचार :** नगर पालिका द्वारा 22 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को हटाए जाने के बाद विरोध तेज हो गया है। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस स्टेट यूनियन के बैनर तले कर्मचारी हड़ताल पर हैं और मामले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजा गया है। जिला अध्यक्ष नंदू वाल्मीकि ने बताया कि कर्मचारियों को बिना प्रक्रिया के हटाया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द बहाली न होने पर हड़ताल जारी रहेगी और इससे नगर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। ज्ञापन में कर्मचारियों की तत्काल बहाली, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और अन्य मांगों पर विचार करने की मांग की गई है। साथ ही, किसी भी प्रकार के भेदभाव की स्थिति में संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी बात कही गई है।

# पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर ने किए तीर्थ दर्शन

**कार्यालय संवाददाता , संभल**



मनोकामना तीर्थ पर दर्शन पूजन कर जानकारी लेते दुर्गा शंकर मिश्रा। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा रविवार को परिवार सहित संभल पहुंचे और कल्कि नगरी के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर दर्शन-पूजन किया। उनके दौरे को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया।

सुबह करीब 10 बजे दुर्गा शंकर मिश्रा ने कोट पूर्वी स्थित प्राचीन श्रीकल्कि विष्णु मंदिर में परिवार के साथ पूजा-अर्चना की। आलम सराय देहात स्थित चतुर्मुख स्थल और मणिकर्णिका तीर्थ में करीब डेढ़ घंटे रुककर अवलोकन किया। चतुर्मुख स्थल पर भगवान विष्णु के दस अवतारों की दीवार पर बनी चित्रकला को देखा और परिवार के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी डॉ. मणि भूषण तिवारी से सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने और लोगों द्वारा

**• सत्यव्रत पुलिस चौकी भी पहुंचे, प्रशासन रहा अलर्ट**

पूजा सामग्री इधर-उधर फेंकने पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाने की बात कही। मणिकर्णिका तीर्थ पर व्यवस्थापक माधव मिश्रा एडवोकेट से मंदिर के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी ली और मनोकामना तीर्थ में पूजा-अर्चना की। इसके बाद वह सत्यव्रत पुलिस चौकी पहुंचे, जहां से विवादित धार्मिक स्थल को देखा। उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया, जिसमें शहर की विभिन्न लोकेशनों की निगरानी हो रही थी। चौकी की पहली मंजिल से उन्होंने उस स्थल को भी देखा, जो 24 नवंबर 2024 की घटना के बाद से चर्चा में रहा है। एसडीएम निधि पटेल, तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी डॉ. मणि भूषण तिवारी, सभासद गगन वार्ष्णेय, कर निर्धारण अधिकारी कार्तिकेय यादव, राजस्व अधिकारी राजेश यादव, लेखपाल ज्ञानेश कुमार, राहुल धारीवाल और इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पालिका बोर्ड बैठक में शहर के विकास पर की गई चर्चा

**संवाददाता,चंदौसी**

**• नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग में हुई पालिका बोर्ड की बैठक**

**अमृत विचार :** नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग में रविवार को पलका बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। दोपहर 12:00 बजे से देर शाम तक चली बैठक में शहर के विकास के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई ।

नगर पालिका परिषद की आयोजित बोर्ड बैठक में शहर के विभिन्न वार्डों की समस्याएं प्रमुख रूप से उठाई गईं। बैठक में मौजूद सभासदों ने अपने-अपने वार्डों की जनसमस्याओं को रखा और उनके शीघ्र समाधान की मांग की। बैठक के दौरान सफाई व्यवस्था, जलभराव, पेयजल आपूर्ति, सड़कों की मरम्मत और स्ट्रीट लाइट की खराब स्थिति समेत 18 प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा हुई। सभासदों ने कहा कि कई वार्डों में लंबे समय से समस्याएं बनी हुई हैं, जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वार्डों में लंबित समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराया जाएगा और विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी। बैठक में नगर के विकास से जुड़ी आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

इस दौरान अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम समेत नगर पालिका के संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

